खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 74
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

# दैनिक जूम न्यूज़ राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, रविवार 27 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


## ब्रीफ न्यूज

### 2027 में आखिरी वर्ल्ड कप खेलूंगा: विराट



**नई दिल्ली।** दुनिया में मशहूर बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि 2027 का वर्ल्ड कप भारत के लिए उनका आखिरी वर्ल्ड कप होगा। उन्होंने कहा कि वे ट्रॉफी जीतने के लिए अपना सबकुछ दांव पर लगाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं मैदान पर अपना 100% देना चाहता हूं।

### ओल्ड एज होम में दिखे पूर्व क्रिकेटर कांबली



**ठाणे।** भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली अब ठाणे के एक ओल्ड-एज होम में दिखे हैं। कांबली का वहां से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे बुजुर्गों की देखभाल करने वाले इस सेंटर की सुविधाओं और साफ-सफाई की तारीफ करते हुए बोलने में संघर्ष करते दिख रहे हैं।

### गुवाहाटी में होमस्टे में छात्रा का शव मिला

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी यूनिवर्सिटी की 22 वर्षीय सोशियोलॉजी की स्टूडेंट निमिषा ठाकुरिया की एक होमस्टे में में मौत हो गई। निमिषा अपने बॉयफ्रेंड आसिफ अली के साथ शुक्रवार रात से यहां रुकी हुई थी। इस मामले में आसिफ अली को गिरफ्तार किया गया है।आसिफ का दावा है कि निमिषा ने आत्महत्या की है। लेकिन, पुलिस को प्राथमिक जांच में यह हत्या का मामला लग रहा है। निमिषा के परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक, आधी रात को निमिषा का कॉल आया था। वह सिर्फ इतना ही कह सकी- वे मुझे मार डालेंगे।

### तमिलनाडु में यूट्यूबर के घर 1 करोड़ की चोरी

**नागरकोइल।** तमिलनाडु के नागरकोइल में एक महिला यूट्यूबर के घर से 220 सॉवरेन सोने के गहने चोरी हो गए। यह वारदात अंतना नादर कुडियिरुप्पु के पास VIP गार्डन में हुई। घर में रहने वाले विनोथकुमार गुरुवार को तिरुनेलवेली गए थे। परिवार दो साल के बच्चे के आगामी जन्मदिन के लिए कपड़े खरीदने गया था। देर रात लौटने पर विनोथकुमार ने घर का पिछला दरवाजा टूटा देखा। विनोथकुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की।

### » अंदर विशेष


▪ **किसानों के बीच खेतों में पहुंचे किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी**
...पढ़े पेज 2 पर

▪ **पत्नी ने दिया पति को जहर, मौत: पिता के साथ रची साजिश**
...पढ़े पेज 4 पर


# SIR में नाम कटा, तो घर जाकर दस्तावेज लेंगे अफसर

## विवाद के बाद चुनाव आयोग का फैसला; अब तक 30 राज्य-केंद्र शासित प्रदेश में 13.37 करोड़ नाम कटे

**नई दिल्ली। मतभेद** की खबरों के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने दिल्ली में बैठक की। चुनाव आयोग के मुताबिक, जिन लोगों के SIR में नाम काटे गए हैं, उनके दावे और आपत्तियों की समय सीमा बढ़ाई गई है। जिन लोगों को नाम मैप नहीं होने या रिकॉर्ड में गड़बड़ी के कारण नोटिस भेजा गया है, बीएलओ उनके घर जाकर जरूरी दस्तावेज जमा करेंगे और चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे। इन पर रीजनल इलेक्टोरल अफसर फैसला लेगा। SIR के दौरान अब तक 30 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 13.37 करोड़ नाम कम हुए हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक देश में कुल 96.88 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं, यानी करीब 14.1% वोटर्स के नाम SIR में काटे गए। यह बैठक तब हुई जब ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों के बीच चुनाव आयोग के फैसलों पर मतभेद का दावा किया जा रहा है। रिपोर्ट सामने आने के बाद कांग्रेस और कॉकरोच जनता पार्टी ने आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

चुनाव आयोग ने कहा कि SIR के दौरान Form 6 के साथ जोड़ी गई घोषणा को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। Form 6 का इस्तेमाल वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए किया जाता है।



### दिल्ली-महाराष्ट्र में 30 अक्टूबर तक क्लेम कर सकेंगे

बैठक में फैसला लिया गया कि दिल्ली, महाराष्ट्र में क्लेम और ऑब्जेक्शन दाखिल करने की तारीख 30 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। दिल्ली में विवाद का निपटारा 30 नवंबर और महाराष्ट्र में निपटारा 10 नवंबर तक करना होगा। गोवा में जिन वोटर्स का नाम छूट गया है, वहां ब्लॉक अफसर घर-घर जाकर फॉर्म-6 कलेक्ट करेगा। SIR में अगर आपका नाम लिस्ट में नहीं है या छूट गया है तो फॉर्म-6 के जरिए नाम शामिल कराने का दावा किया जाता है। आयोग ने कहा कि फॉर्म-6 पर कोई विवाद है ही नहीं। फॉर्म-6 को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है।

### रिपोर्ट पर कहा- आयुक्तों के लेटर SIR पर नहीं थे

पूरा विवाद द इंडियन एक्सप्रेस की जिस रिपोर्ट से शुरू हुआ, चुनाव आयोग ने उस पर भी सफाई दी। आयोग ने कहा कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कैबिनेट सचिव को जो लेटर भेजा था, वह SIR या चुनाव आयोग के किसी फैसले से जुड़ा नहीं था, बल्कि चुनाव पैनल में आए एक अधिकारी के कामकाज से संबंधित था।

### SIR को लेकर विवाद, कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

यह मामला चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) को लेकर चल रहे विवाद के बीच सामने आया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में चुनाव आयोग के फैसलों पर 14 बार आपत्ति जताई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। कांग्रेस का आरोप है कि ज्ञानेश कुमार चुनाव आयोग में मनमानी कर रहे हैं और दो अन्य आयुक्तों की बात नहीं सुन रहे हैं। कांग्रेस ने ज्ञानेश कुमार को हटाने और उनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन किया। चुनाव से जुड़े कुछ आदेशों और कथित सॉफ्टवेयर बदलावों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई है।

# कोटा-जैसलमेर में ओले गिरे, नागौर-टोंक में बारिश: मेड़ता कृषि उपज मंडी में पानी भरा, रेण बस स्टैंड पर 1 टन से ज्यादा भारी होर्डिंग गिरा

जूम न्यूज़ • जयपुर

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात का असर शनिवार को राजस्थान में दिखाई दिया और कई जिलों में बारिश हुई। कोटा जिले के मंडाना और जैसलमेर जिले के मोहनगढ़ सहित कई इलाकों में बारिश के साथ ओले गिरे। नागौर जिले के मेड़ता में शाम को करीब 40 मिनट में 24MM बारिश दर्ज की गई। तेज बारिश के चलते मेड़ता कृषि उपज मंडी में पानी भर गया और खुले में रखा करीब 11 हजार कट्टे अनाज भीग गया। वहीं, रेण बस स्टैंड पर 1 टन से अधिक वजनी होर्डिंग तेज बारिश के दौरान गिर गया। हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। टोंक जिले के देवली, उनियारा और दूनी तहसील में शाम को बारिश हुई। मौसम के इस बदलाव से राज्य के अधिकांश शहरों का तापमान गिर गया और गर्मी से राहत रही। बाड़मेर, जोधपुर, जैसलमेर, पिलानी, बीकानेर के अधिकतम तापमान में 1 से 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज हुई।


मौसम केंद्र जयपुर ने रविवार और सोमवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और चक्रवात के आंशिक असर से बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ हवा चलने की संभावना जताई है। रविवार को 16 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है।



नागौर

### पारा 5 डिग्री तक गिरा, पश्चिमी जिलों में गर्मी से थोड़ी राहत

पश्चिमी राजस्थान के ऊपर एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ, जिससे हवा का पैटर्न बदला और तापमान में गिरावट हुई। कई शहरों का तापमान 1 से लेकर 5 डिग्री तक गिर गया। सबसे ज्यादा गिरावट सिरोही में ही, जहां अधिकतम तापमान 10 डिग्री तक नीचे आ गया। शनिवार को दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री जैसलमेर में दर्ज हुआ।



जैसलमेर

### जयपुर में मौसम साफ, जोधपुर में पारा लुढ़का

जयपुर में शनिवार दिनभर मौसम साफ रहा। दोपहर बाद कहीं-कहीं हल्के बादल छाए, जिससे धूप कमजोर हो गई। यहां दिन का अधिकतम तापमान 33.1 डिग्री दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने अगले दो दिन यहां बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश, बूंदाबांदी की संभावना जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। अलवर में शनिवार सुबह धूप और दोपहर में बादल छाए रहे। जोधपुर में तापमान में गिरावट आई। अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री दर्ज किया गया। जो सामान्य से 0.6 डिग्री अधिक रहा।

### बोइंग 737 MAX विमान के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** विमान बनाने वाली अमेरिकी कंपनी बोइंग के 737 MAX विमान के सॉफ्टवेयर में एक गड़बड़ी सामने आई है। यह समस्या कॉकपिट सॉफ्टवेयर के एक अपडेट से जुड़ी है। अगर लैंडिंग की पहली कोशिश असफल होने के बाद पायलट विमान का तय रूट बदलते हैं, तो एक खास स्थिति में यह गड़बड़ी हो सकती है। रॉयटर्स ने वॉल स्ट्रीट जर्नल (WSJ) के हवाले से यह खबर दी। WSJ को बोइंग कंपनी के कुछ दस्तावेजों हासिल हुए हैं जिनमें यह जानकारी मिली है। बोइंग ने कहा कि उसने पिछले महीने ही विमान मॉडल 737 MAX ऑपरेटरों को इस समस्या की जानकारी दे दी थी। इस समस्या को सुलझाने के लिए सॉफ्टवेयर को फिर से अपडेट किया जा रहा है। भारत में इस मॉडल के करीब 102 विमान हैं। हालांकि भारत के विमान इससे प्रभावित हैं या नहीं और कितने विमानों में यह समस्या है। इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।



▸▸ एशियन गेम्स में महिला और पुरुष टीमें चैंपियन
▸▸ तजिंदरपाल को शॉटपुट में सिल्वर
▸▸ मैराथन और शूटिंग में भी सिल्वर

फिर भी पाला छू लिया...

### भारत को एक दिन में कबड्डी के दो गोल्ड

# डबल गोल्ड का 'दांव'

एजेंसी ▸▸ नागोया (जापान)

भारत ने शनिवार को एशियन गेम्स में कबड्डी के दोनों गोल्ड जीत लिए। महिला टीम ने ईरान को 37-34 और पुरुष टीम ने भी ईरान को 40-34 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष टीम ने लगातार 10वीं बार और महिला टीम ने लगातार 5वें एशियाड में मेडल जीता। एथलेटिक्स में तजिंदरपाल सिंह तूर ने शॉटपुट में 20.64 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर जीता। प्राची चौधरी ने 400 मीटर में 53.21 सेकंड के समय के साथ ब्रॉन्ज अपने नाम किया। भारत को मैराथन और शूटिंग में भी सिल्वर मिले। स्क्वॉश में अनाहत सिंह और अभय सिंह फाइनल में पहुंचे। पुरुष हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। कबड्डी के फाइनल में भारत के खिलाफ ईरान ने हाफ तक 18-17 की बढ़त बना ली थी। दूसरे हाफ की शुरुआत में भी ईरान ने दबाव बनाए रखा और तीन अंकों की बढ़त हासिल की।

### महिला टीम ने भी 37-34 से जीता फाइनल

पुरुषों से पहले भारतीय महिला टीम ने ईरान को 37-34 से हराकर गोल्ड जीता। हाफटाइम तक भारत 22-16 से आगे था। दूसरे हाफ में ईरान ने वापसी करते हुए अंतर एक अंक तक ला दिया था। इसके बाद संजू देवी ने अहम रेड से भारतीय बढ़त को फिर मजबूत किया। चार मिनट बाकी रहते भारत 34-28 से आगे था। आखिरी मिनट में ईरान को अंक की जरूरत थी, लेकिन भारतीय डिफेंस ने शानदार टैकल किया।

# पंचायत चुनाव में हर सीट जीतने का टारगेट

## सीएम ने सौंपी जिम्मेदारी, कहा- निकाय चुनाव में सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत से

जूम न्यूज़ • जयपुर/प्रतापगढ़

पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठन स्तर पर तैयारियां तेज करने की रणनीति बनाई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को प्रतापगढ़ में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक में ग्राम पंचायत से लेकर पंचायत समिति और जिला परिषद तक प्रत्येक सीट पर जीत का लक्ष्य रखा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभी से चुनावी मैदान में उतरने और क्षेत्रवार जिम्मेदारियां संभालने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को मिली सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। अब इसी प्रदर्शन को पंचायत चुनाव में भी दोहराना है। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों को चुनावी रणनीति की कमान संभालने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद वार्डवार कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय कर उन्हें क्षेत्र में सक्रिय करने को कहा।



भाजपा की रणनीति में नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी पंचायत चुनाव से जोड़ना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन की पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरकर प्रत्येक सीट पर जीत का लक्ष्य हासिल किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने सरकार के ढाई साल के कामकाज का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित जनहित के मुद्दों पर सरकार ने प्राथमिकता से काम किया है। किसान सम्मान निधि, पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने भाजपा के संगठन मॉडल का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्टी में सामान्य कार्यकर्ता को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने 'वन स्टेट, वन इलेक्शन' की दिशा में आगे बढ़ने को भी संसाधनों और सरकारी मशीनरी के बेहतर उपयोग से जोड़ा।

### 7 जिलों की 1452 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने उदयपुर संभाग के 7 जिलों को 924 करोड़ रुपए से अधिक लागत के 1452 विकास कार्यों की सौगात दी। इसमें 668 करोड़ के 1,029 कार्यों का शिलान्यास और 256 करोड़ के 423 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। जनजातीय विरासत को सहेजने सीएम ने राजससंघ के वनगिरि ब्रांड के पहले शहद उत्पाद आदिपराग (वाइल्ड फॉरेस्ट हनी) को लॉन्च किया। राजससंघ और कॉनफैड के बीच एमओयू भी हुआ।

▪ **पूर्व विधायक हिरासत में:** विद्या संबल भर्ती में टीएसपी क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता देने और भर्ती नियमों में संशोधन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे कांग्रेस के पूर्व विधायक रामलाल मीणा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा- मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देकर आरोपी बच नहीं सकता

# नाबालिग पत्नी से संबंध बनाना POCSO के तहत अपराध

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 16 साल की लड़की से रेप के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दर्ज केस रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि नाबालिग से शादी करना आरोपी को कानूनी कार्रवाई से नहीं बचा सकता। जस्टिस संजीव नरूला ने 26 सितंबर 2026 के आदेश में यह फैसला सुनाया। आरोपी ने कोर्ट में दावा किया था कि नाबालिग लड़की उसकी कानूनी पत्नी है और दोनों की शादी मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी।

आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 375 और POCSO एक्ट, 2012 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने शादी का हवाला देते हुए केस खत्म करने की मांग की थी।

कोर्ट ने कहा- शादी होने से नाबालिग की उम्र नहीं बढ़ जाती, अगर मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत शादी को वैध भी मान लिया जाए, तब भी इससे POCSO एक्ट या BNS के प्रावधानों में कोई अपवाद नहीं बनता। पीड़िता आरोपी की पत्नी थी या नहीं और शादी वैध थी या नहीं, इससे POCSO के तहत अपराध पर कोई असर नहीं पड़ता। POCSO के तहत 18 वर्ष से कम उम्र का व्यक्ति बच्चा माना जाता है और बच्चे की सहमति के बावजूद उसके साथ यौन संबंध अपराध है। BNS की संबंधित धारा भी 18 वर्ष से कम उम्र की महिला के साथ यौन संबंध को बलात्कार की श्रेणी में रखती है।



### गर्भवती होने पर उम्र सामने आई

इस मामले में व्यक्ति और उसकी पत्नी ने अदालत में याचिका दायर की थी। महिला ने बताया कि जब उसकी शादी हुई, तब उसकी उम्र 16 साल 3 महीने थी, जबकि पति की उम्र 28 साल थी। दोनों ने परिवारों की सहमति से शादी की। बाद में महिला गर्भवती हुई और सरकारी अस्पताल में जांच के दौरान उसकी उम्र सामने आई। महिला ने कहा कि शादी उसकी इच्छा से हुई थी और उस पर किसी तरह का दबाव नहीं था। उसने पति की जमानत का भी समर्थन किया और गर्भावस्था के दौरान पति को अपने साथ रखने की मांग की। याचिका में दलील दी गई कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत बालिग होने की उम्र (यौवन) प्राप्त कर चुकी मुस्लिम लड़की शादी कर सकती है और इसलिए शादी के बाद पति-पत्नी के बीच संबंधों को अपराध नहीं माना जाना चाहिए।

### केरल, पंजाब, हरियाणा कोर्ट भी यही राय दे चुके

गौरतलब है कि केरल हाई कोर्ट ने भी इस साल इसी तरह का रुख अपनाया था। वहीं, 2022 में दिल्ली हाई कोर्ट की एक अन्य पीठ ने इसके विपरीत राय दी थी और मुस्लिम कानून के तहत हुई नाबालिग की शादी के संदर्भ में POCSO की लागू होने की स्थिति को अलग तरीके से देखा था। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने भी 2022 में मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 15 वर्ष से अधिक उम्र की लड़की की शादी की क्षमता को लेकर टिप्पणी की थी।

# गहलोत बोले-BJP निकायों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी

### जनता में धारणा, भाजपा ने धनबल से बनाए मेयर-चेयरमैन



**जयपुर।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने निकाय चुनावों में भाजपा सरकार पर सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। गहलोत ने X पर लिखा- राजस्थान में नगरीय निकाय चुनाव पूरे हो गए हैं, अफसोस है कि जिस तरह का चुनाव इस बार राजस्थान में हुआ है उसमें अनैतिकता की सारी हदें सत्ताधारी भाजपा ने पार कर दीं।

गहलोत ने कहा- जब नए मेयर या सभापति बनते हैं तो शहरवासियों में एक स्वाभाविक उत्साह होता है कि शहर को प्रथम नागरिक मिला है, लेकिन इस बार वो बात नदारद है। इसका कारण यही है कि जनादेश का सम्मान नहीं हुआ है। जनता में यह धारणा बन गई है कि भाजपा ने धनबल के आधार पर मेयर, चेयरमैन बनाए हैं और भाजपा अब निकायों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। गहलोत ने लिखा- पहले मनमर्जी का परिसीमन किया, जिसमें कांग्रेस समर्थित 3-4 वार्डों को मिलाकर एक कर दिया और भाजपा समर्थक इलाकों में एक वार्ड को 2-3 वार्डों में बांट दिया। इस हद तक बेईमानी की गई कि पति-पत्नी के वोट, एक ही घर में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्यों के वोट अलग-अलग वार्ड में बंट गए।

# किसानों के बीच खेतों में पहुंचे किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, हाथ बंटाया, समस्याएं भी सुनीं





**जूम न्यूज़ • किशनगढ़**

किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने किसानों के बीच पहुंचकर खेतों में चल रहे फसल कार्य में हाथ बंटाया और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। विधायक ने खेतों में किसानों के साथ समय बिताते हुए खेती-किसानी से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। विधायक विकास चौधरी ने कहा कि किसानों के चेहरों की मुस्कान और उनका आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने कहा कि खेतों की मिट्टी से जुड़ाव और किसानों के बीच रहकर उनकी सेवा करना उनके जीवन का असली मकसद है। इस दौरान विधायक ने किसानों के साथ फसल कार्य में सहभागिता की। खेत में किसानों के बीच उनकी मौजूदगी और सहभागिता की तस्वीरें भी सामने आई हैं। विधायक ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके साथ संवाद किया। विधायक ने किसान समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए #FarmersFirst का संदेश भी साझा किया।

# 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से गूंजा सरदारशहर, 17 विद्यालयों के 4 हजार 861 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**

उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर एवं श्री बहादुर सिंह भानकंर आदर्श विद्या मंदिर में गुरुवार को राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'राष्ट्र-आराधना का महापर्व' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, आचार्यों और अभिभावकों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत ने अतिथियों, विद्यार्थियों, आचार्यों और अभिभावकों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक एवं प्रांत घोष टोली के सदस्य बुद्धिप्रकाश ने वंदे मातरम् के इतिहास, भाव और मातृभूमि के प्रति समर्पण के महत्व पर विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श शिक्षण संस्थान, चूरू के उपाध्यक्ष सुबोध कुमार सेठिया ने की। इस अवसर पर जिला प्रचारक गिरेन्द्र, विद्यालय संरक्षक छगनलाल सेवदा, प्रबंध समिति सदस्य श्रीकांत कड़ेल व अजीत वर्मा तथा अभिभावक प्रतिनिधि श्यामसुंदर सोनगरा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार, उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के मार्गदर्शन में सरदारशहर के 17 अन्य विद्यालयों में भी एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इनमें कुल 4861 विद्यार्थियों एवं अन्य प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। मंच संचालन मदनसिंह राईका ने किया। समापन पर विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने 'भारत माता की जय' के जयघोष लगाए।



## ब्रीफ न्यूज

### 'घम तेरे' सॉन्ग का टीजर रिलीज, कलाकारों ने साझा किए जुड़े अनुभव



**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

ए.आर. प्रोडक्शन हाउस के आगामी म्यूजिक सॉन्ग 'GHAM TERE' का टीजर शनिवार को जोधपुर में रिलीज किया गया। सरदारपुरा स्थित विलियम जॉन्स पिज्जा में आयोजित कार्यक्रम में गीत से जुड़े कलाकारों और मीडिया प्रतिनिधियों की मौजूदगी में टीजर लॉन्च किया गया। गीत में आदिल रजा अभिनेता की भूमिका में नजर आए हैं, जबकि मनीषा अभिनेत्री के रूप में दिखाई देंगी। गीत की कहानी में मनीषा की बहन की भूमिका अलवीरा ने निभाई है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने गीत के निर्माण और शूटिंग से जुड़े अनुभव भी साझा किए। 'GHAM TERE' के लेखक मोहम्मद शान हैं, जबकि गीत को रियाज सेफी ने अपनी आवाज दी है। प्रोडक्शन से जुड़े धनराज मेवाड़ा को-प्रोड्यूसर हैं। प्रोडक्शन हाउस की ओर से बताया गया कि गीत का उद्देश्य दर्शकों तक भावनात्मक कहानी और संगीत का एक अलग अनुभव पहुंचाना है।

### लौटोती आंगनबाड़ी केंद्र पर विकसित भारत जन सेवा कार्यक्रम का आयोजन



**जूम न्यूज़ • जैतारण**

जैतारण क्षेत्र के पंचायत लौटती ग्राम के आंगनवाड़ी केन्द्र 4 पर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा विकसित भारत जन सेवा कार्यक्रम के तहत सामुहिक आंगनवाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. उमेश कुमार निम्बोल, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर सुधा शर्मा एवं ब्लॉक हैल्थ सुपरवाइजर राजेंद्र कुमार, राज. मा.वि.उप प्रधानाचार्य करण ढाका इन सभी अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें ग्राम की सभी आशा सहयोगिनी,कार्यकर्ता, सहायिका, साथिन को सम्मानित किया गया एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, छह माह शिशुओ को अन्न प्रशान करवाया गया इसी मौके पर डॉ उमेश ने कहा कि गर्भ धारण 12 सप्ताह में पंजीकरण, समय पर जाँच, मां वाउचर, संस्थागत प्रसव, एच आर पी इत्यादि जन सेवा के बारे में विस्तार से समझाया गया ! इस कार्यक्रम में लगभग 150/200 लोग उपस्थित रहे जिसमें ए एन एम मंजू कुमारी, आशा तारा वैष्णव, संजू, कार्यकर्ता नीतू सिंह, पुष्पा सैन, मुन्नी जी, किरण चौधरी, लक्ष्मी कंवर, समाज सेवी दीपेंद्र सिंह जोधा, ऋषिदास वैष्णव, रिंकु सिंह, मोंटू बन्ना, योगेश, जितेन्द्र दास, कौशल्या कुमावत, किरण, गुनगुन, गणकी, संपत्ति, भारती चोहान मौजूद रहे।

# आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' में कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं का सम्मान

## राष्ट्रीय पोषण माह के तहत व्यंजन प्रदर्शनी, रंगोली एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**





महिला एवं बाल विकास विभाग, जोधपुर शहर द्वारा विकसित भारत–जन सेवा अभियान के तहत शनिवार को सूचना केंद्र स्थित जनकवि गणेशीलाल व्यास 'उस्ताद' ऑडिटोरियम में 'आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम' आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जोधपुर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा डॉ. नीलम मुंदड़ा, श्रीमती कमलेश गोयल, श्री संजू व्यास सहित गणमान्यजनों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक श्री सिद्धार्थ सांदू के परिचयात्मक उद्बोधन से हुआ। मुख्य अतिथि श्री अतुल भंसाली ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को तुलसी के पौधे तथा प्रधानमंत्री के संदेश की फ्रेम भेंट कर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत कार्यक्रम स्थल पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही, पोषण एवं जन-जागरूकता के संदेशों को रचनात्मक स्वरूप देते हुए विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोलियां सजाई गईं। कार्यक्रम में ब्लॉक स्तरीय निबंध, पोस्टर, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मंच पर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहर विधायक श्री अतुल भंसाली ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समर्पण, सेवाभाव और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास से जुड़े कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा सरकार उनके परिश्रम और सेवाओं के प्रति संवेदनशील है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने भी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के कार्यों की सराहना की। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) श्री रावत करवासरा ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन विभाग के उपनिदेशक श्री सिद्धार्थ सांदू के निर्देशन में किया गया। राष्ट्रीय पोषण अभियान के जिला समन्वयक श्री कानाराम सारण ने मंच संचालन किया। धवा एवं बिलाड़ा के बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री भागीरथ चौधरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी रहे।

# नेमीचंद आदिवाल बने राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**



राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा में नेमीचंद आदिवाल को राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री दर्जा प्राप्त भारत सरकार के श्री भगवत प्रसाद मकवाना के निर्देशानुसार तथा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष शांतिलाल जावा की सहमति से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिनेश हंस ने नेमीचंद आदिवाल का प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन किया।

इस संबंध में संगठन की ओर से नियुक्ति पत्र जारी कर उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्ति पत्र में बताया गया कि नेमीचंद आदिवाल की कार्यक्षमता, लगन, निष्ठा, ईमानदारी, समाजसेवा के प्रति समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर समाज के लोगों एवं संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नेमीचंद आदिवाल को बधाई दी। आदिवाल ने संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति आभार जताते हुए समाजहित एवं संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रियता से कार्य करने की बात कही।

### कौम शेख नीलगर बिरादरी के चुनाव आज

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

कौम शेख नीलगर बिरादरी जोधपुर के आगामी चुनाव की तिथि निर्धारित कर दी गई है। बिरादरी के पदाधिकारियों के अनुसार चुनाव 27 सितंबर 2026 को कारवां गार्डन, जोधपुर में आयोजित होंगे। चुनाव को लेकर बिरादरी के सदस्यों में उत्साह है तथा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पदाधिकारियों ने समाज के सभी सदस्यों से निर्धारित तिथि को समय पर पहुंचकर वोट देने की अपील की।

# RCA चुनाव में पांच नेता पुत्रों की एंट्री, अध्यक्ष समेत कई पदों पर दाखिल किए नामांकन



**जूम न्यूज़ • जयपुर**

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) के चुनाव में राजनीतिक परिवारों से जुड़े पांच नेताओं के बेटों ने अलग-अलग पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के साथ ही अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के चुनाव को लेकर सरगर्मी बढ़ गई है। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार 29 सितम्बर को मतदान होना है।

स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के बेटे धनंजय सिंह खींवसर और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह राठौड़ ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के बेटे पवन दिलावर ने उपाध्यक्ष पद के लिए और राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के बेटे आशीष तिवाड़ी ने कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। भाजपा विधायक जसवंत यादव के बेटे मोहित यादव ने सचिव और उपाध्यक्ष दोनों पदों के लिए नामांकन दाखिल किया है। RCA चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए धनंजय सिंह खींवसर और पराक्रम सिंह राठौड़ के अलावा अन्य दावेदारों के नाम भी सामने आए हैं। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही सभी पदों पर अंतिम उम्मीदवारों की तस्वीर स्पष्ट होगी। RCA चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 26 सितम्बर तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 27 सितम्बर को नामांकन पत्रों की जांच और 28 सितम्बर को नाम वापसी होगी। 29 सितम्बर को मतदान के बाद मतगणना की प्रक्रिया होगी।

# पोषण और बाल विकास का दिया संदेश

**जूम न्यूज़ • पाली**

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण माह के तहत शनिवार को शहरी क्षेत्र के नया गांव स्थित सूर्या कॉलोनी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक पर आंगन मिलन पोषण माह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों एवं अभिभावकों को पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

केन्द्र की प्रकाश कंवर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्र से जुड़ी महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार, पोषण के महत्व तथा बच्चों के समुचित विकास के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा छोटे बच्चों के लिए पौष्टिक आहार की उपयोगिता के बारे में जानकारी साझा की गई। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए नियमित पोषणयुक्त भोजन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य देखभाल को जरूरी बताया गया।कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण माह के उद्देश्य और विभागीय गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बच्चों में कुपोषण की स्थिति को दूर करने के लिए परिवार और समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों को निरंतर पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा जैन, मधुबाला, सरला, कविता, प्रेमलता, खुशी वैष्णव, अनुराधा, लाजवंती, सरला, इंद्रा, सीमा सहित अन्य कार्यकर्ता एवं महिलाएं मौजूद रहीं।




# नशे के खिलाफ दौड़ा बिलाड़ा, BAD RUN में उमड़ा जनसैलाब

## युवाओं, स्कूली बच्चों और शहरवासियों ने लिया नशामुक्त समाज का संकल्प, हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी पोज से दिया जागरूकता का संदेश

**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**







**बिलाड़ा।** नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से बिलाड़ा में पहली बार आयोजित BAD RUN – Bilara Against Drugs मैराथन में शनिवार को शहरवासियों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। युवाओं, स्कूली बच्चों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प का संदेश दिया। मैराथन की शुरुआत बडेर चौक से हुई। प्रतिभागी शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए अम्बेडकर सर्किल स्थित सभा भवन पहुंचे। पूरे मार्ग में देशभक्ति नारों और नशामुक्ति के संदेशों से वातावरण गूंजता रहा। जगह-जगह शहरवासियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कई स्थानों पर जोधपुर ग्रामीण एसपी पंकज यादव IPS का स्वागत भी किया गया।

मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने प्रतिभागियों के साथ दौड़ लगाकर नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ अभियान केवल पुलिस तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। परिवार, स्कूल, सामाजिक संगठन और पुलिस-प्रशासन के सामूहिक प्रयासों से ही युवाओं को नशे से दूर रखा जा सकता है। एसपी ने आयोजन के लिए कार्यक्रम संयोजक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कटारिया को बधाई दी और युवाओं व आम नागरिकों की भागीदारी की सराहना की।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने युवाओं से की अपील

नवनियुक्त नगरपालिका अध्यक्ष महेन्द्र पालावत ने युवाओं से नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनभागीदारी के साथ ऐसे जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ाने की जरूरत है। BAD RUN में स्कूली बच्चों की बड़ी भागीदारी रही। बच्चों ने स्वस्थ जीवन और नशे से दूरी का संदेश दिया। मैराथन के दौरान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें लोगों ने नशे के खिलाफ अपना संकल्प दर्ज किया। वहीं प्रतिभागियों और शहरवासियों ने सेल्फी पोज के माध्यम से भी नशामुक्ति के संदेश को साझा किया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष महेन्द्र पालावत, उपाध्यक्ष प्रमोद पटेल, सीबीईओ प्रकाश चंद सोलंकी, डीवाईएसपी मनीष देव विश्वकर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों ने भी मैराथन में भाग लिया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस जाप्ता तैनात रहा। कार्यक्रम संयोजक कैलाश कटारिया ने एसपी पंकज यादव, नगरपालिका अध्यक्ष महेंद्र पालावत , जनप्रतिनिधियों, पुलिस-प्रशासन, सामाजिक संगठनों, स्कूली बच्चों, युवाओं और समस्त बिलाड़ावासियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि BAD RUN का उद्देश्य केवल दौड़ आयोजित करना नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ जागरूकता को निरंतर मजबूत करना और युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है। कार्यक्रम का मंच संचालन रामचंद्र बैरवा ने किया। इस अवसर पर पंकज राठौड़, सोहेल खान, रोशन चौहान सहित बड़ी संख्या में बिलाड़ावासी उपस्थित रहे।

# जोधपुर में तैनात दुनिया के शक्तिशाली लड़ाकू विमानः युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' शुरू

## 8 देशों के 3 हजार से ज्यादा एयर वॉरियर्स हो रहे शामिल, फ्रांस के डिप्टी कमांडर बोले- तरंग शक्ति हमारे लिए महत्वपूर्ण







**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

जोधपुर के आसमान में दुनिया के खतरनाक लड़ाकू विमानों उड़ान भरेंगे। युद्धाभ्यास 'तरंग शक्ति-2026' शनिवार से शुरू हो गया। 12 अक्टूबर तक जोधपुर एयरबेस पर चलने वाले युद्धाभ्यास में भारत समेत 8 देशों की वायु सेनाओं के जवान हिस्सा ले रहे हैं। इस एक्सरसाइज में शामिल होने के लिए 32 ऑब्जर्वर और लगभग 100 एयरक्राफ्ट यहां पहुंचे हैं। इसमें 3,000 से ज्यादा एयर वॉरियर्स भाग ले रहे हैं। खास तौर से राफेल, तेजस, सुखोई 30 एमकेआई, पांचवीं पीढ़ी का एफ 35, एफ 16 और हवा में ईंधन भरने वाले एयरक्राफ्ट (एयर-टू-एयर रिफ्यूलर) जैसे कई विमान एक साथ ऑपरेशनल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। युद्धाभ्यास में भारतीय वायुसेना खासतौर पर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मिली लर्निंग का अभ्यास करेगी। इस इंटरनेशनल एक्सरसाइज में जोधपुर सहित वेस्टर्न बॉर्डर के 4-5 एयरबेस शामिल होंगे। यहां से ये विमान अपनी टास्क के अनुसार ऑन एयर होकर टारगेट को तबाह करेंगे।

फ्रांस वायु रक्षा एवं हवाई संचालन कमान के डिप्टी कमांडर जूलियन साबेने ने कहा- यह युद्धाभ्यास हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। यही वजह है कि हम समय पर यहां पहुंचने के लिए दुनिया के दूसरे छोर से आए हैं। अपने पेगासस 26 मिशन के तहत हम दुनिया के दूसरे कोने से चार लड़ाकू विमान यहां लाए हैं। भारत, फ्रांस का बहुत ही महत्वपूर्ण वैश्विक रणनीतिक साझेदार है और हम यह दिखाना चाहते हैं कि हम अपने साझेदार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने के लिए कितने प्रतिबद्ध हैं। भारतीय वायु सेना के साथ मिलकर काम करने के लिए हमारे पास कुल सात राफेल विमान होंगे। भारत की ओर से फ्रांस से 114 राफेल विमान खरीदने की चर्चा पर उन्होंने कहा- हमें बेहद खुशी है कि वे फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना से खरीदारी कर रहे हैं। हमारी योजना बेस्ट प्रैक्टिस का आदान-प्रदान करने की है। हम भारतीय राफेल विमानों के साथ मिलकर काम करने के लिए पूरी तरह से उत्सुक हैं।

**ब्रीफ न्यूज**

### पाली में बिजली के बॉक्स में लगी आग, शॉर्ट सर्किट से जले तार



**जूम न्यूज़ • पाली**

पाली शहर में लाइट के तार पर लगे बॉक्स में शुक्रवार शाम को शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिस तार में आग लगी उसके पास ही पेड़ लगा था। जिसे देख ऐसा लग रहा था मानो पेड़ से आग बरस रही हो। बाद में दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। दमकलकर्मी पारस गहलोत ने बताया कि पाली शहर के मिल चाली के सामने मकानों के पास से गुजर रहे लाइट के तार में लगे बॉक्स में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर मौके पर और लाइट की सप्लाई बंद करवाकर आग को बुझाया गया। जिस तार में आग लगी वह मकानों के पास से गुजर रहा था। इसी के साथ पेड़ के नीचे खड़ी बाइक को लोग हटाते नजर आए ताकि गाड़ियों में आग न लग जाए। हालांकि, गनीमत रही कि किसी तरह का बड़ा हादसा नहीं हुआ। आग बुझाने में पारस गहलोत, देवाराम, दिनेश सिंह, नंदलाल आदि जुटे रहे।

### तालाब में मछलियां मरीः आरोप-केमिकल युक्त पानी से मर रहीं



**जूम न्यूज़ • पाली**

पाली शहर के पास मूलियावास गांव के तालाब में एक के बाद एक करके सैकड़ों मछलियां मरी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि केमिकल युक्त पानी के कारण मछलियां मरी। घटना की जानकारी मिलने पर टीम मौके पर पहुंची। जिन्होंने पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजा। मौके पर पहुंची टीम की प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संभवत तालाब के पानी में ऑक्सीजन की कमी के चलते यह हादसा हुआ। विस्तृत कारण रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा। मूलियावास गांव निवासी एडवोकेटे विक्रमसिंह जोधा ने बताया कि 25 सितंबर को गांव के तालाब में मछलियां मरी नजर आईं। जिसे देखकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

# जोधपुर में APK फाइल डाउनलोड कराकर खाते से उड़ाए 2.22 लाखः क्रेडिट कार्ड के नाम पर लगाया चूना

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

जोधपुर शहर में साइबर ठगी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद ठग नए-नए हथकंडे अपनाकर आम लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। शहर के तीन थाना क्षेत्रों में 6 नए मामले सामने आए हैं। ताजा मामलों में किसी को पेंशन ऑफिस का कर्मचारी बताकर तो किसी को क्रेडिट कार्ड का झांसा देकर लाखों रुपए की चपत लगा दी गई। जोधपुर पूर्व और पश्चिम महानगर के अलग-अलग थानों में साइबर फ्रॉड के 6 बड़े मामले दर्ज किए गए हैं। पढ़ें, जोधपुर में साइबर ठगी के अलग-अलग मामले।

### पेंशन ऑफिस का कर्मचारी बनकर झांसे में लिया

प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र के सेक्टर डी, यूआईटी कॉलोनी निवासी अशोक कुमार शर्मा के पास अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को पेंशन ऑफिस का अधिकारी बताया और कुछ औपचारिकताएं पूरी करने के नाम पर



पीड़ित के मोबाइल में एक APK फाइल डाउनलोड करवा दी। फाइल डाउनलोड होते ही आरोपी ने पीड़ित के बैंक खाते का एक्सेस हासिल कर लिया और खाते से 2,22,000 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्रेडिट कार्ड का एक्स्ट्रा चार्ज हटाने का झांसा देकर OTP लियाः** प्रतापनगर सदर पुलिस थाने में इंदिरा कॉलोनी निवासी देवेन्द्र चौहान ने ठगी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात कॉलर ने फोन कर क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त चार्ज लगने की बात कही और चार्ज हटाने का झांसा देकर उनसे OTP हासिल कर लिया। ओटीपी मिलते ही शातिर अपराधी ने उनके क्रेडिट कार्ड से 1,52,329 रुपए निकाल लिए।

**महिला के साथ ऑनलाइन 1.85 लाख रुपये की धोखाधड़ीः** कुड़ी भगतासनी पुलिस थाने में केबीएच जोधपुर निवासी ममता जांगिड़ ने ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज कराया है। पीड़िता के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने किसी उन्हें धोखे में लिया और छलपूर्वक 1,85,000 रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने धारा 318(4), 319(2) BNS व 66D IT एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

**क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर झांसे में लिया, खाते से काट लिए 1.05 लाखः** कुड़ी भगतासनी थाना क्षेत्र के धीरजपुरा झालामंड निवासी भीवराज प्रजापत भी साइबर ठगी का शिकार हुए हैं। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि अज्ञात ठग ने क्रेडिट कार्ड बनाने का झांसा देकर गोपनीय जानकारी और पूछताछ के बहाने उनके खाते से 1,05,209 रुपये काट लिए। कुड़ी भगतासनी थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**नकली इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के जरिए गुमराह कियाः** कुड़ी भगतासनी पुलिस थाने में ही जनता कॉलोनी निवासी जगदीश कुमार ने वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने पहचान छिपाकर फर्जी दस्तावेज व इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड का इस्तेमाल किया। आरोपी ने फर्जी रिकॉर्ड को असली बताकर उन्हें गुमराह किया और 1,49,988 रुपये की धोखाधड़ी को अंजाम दिया। इसके अलावा झालामंड निवासी निर्मल पंवार ने भी कुड़ी भगतासनी थाने में क्रेडिट कार्ड से धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है।

### घर बैठे ऑनलाइन फ्रॉड, खाते से उड़ाए रुपए

शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के जोधाणा होम्स निवासी चेष्ठा अग्रवाल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने बताया कि अपने निवास पर रहने के दौरान अज्ञात बदमाशों ने ऑनलाइन माध्यम से फ्रॉड कर उनके खाते से रुपये निकाल लिए। शास्त्रीनगर पुलिस ने बीएनएस और आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर किया है।

### 5-साल की मासूम के साथ छेड़छाड़ः दोषी रिश्तेदार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा

**जूम न्यूज़ • पाली**

5 साल की मासूम को कुरकुरे दिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पाली की पॉक्सो कोर्ट संख्या-3 ने 50 वर्षीय रिश्तेदार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक कुलदीप सिंह सोनिगरा ने बताया कि पॉक्सो कोर्ट संख्या-3 के न्यायाधीश निहालचंद ने 24 सितंबर को मामले में फैसला सुनाया।

विशिष्ट लोक अभियोजक के अनुसार, बाली उपखंड क्षेत्र के एक थाने में 14 अक्टूबर 2025 को परिवादी ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 12 अक्टूबर 2025 को उसकी 5 साल की पोती को उसका 50 साल के रिश्तेदार कुरकुरे दिलाने के बहाने अपने साथ ले गया। आरोप है कि आरोपी बच्ची को सुनसान क्षेत्र में ले गया और उसके साथ छेड़छाड़ की। इसी दौरान एक ग्रामीण ने आरोपी को देख लिया, जिसके बाद वह मौके से भाग गया।

**आरोपी को गिरफ्तार कियाः** घटना की रिपोर्ट मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश किया। मामले की सुनवाई पाली की पॉक्सो कोर्ट संख्या-3 में हुई। न्यायालय ने 24 सितंबर को 50 वर्षीय अभियुक्त को 5 साल की मासूम से छेड़छाड़ का दोषी मानते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### अलवरः करंट की चपेट में आने से मासूम भाई-बहन की मौत

**अलवर**। जिले के रैणी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करंट की चपेट में आने से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे खेत में बने मकान के पास लगी बोरिंग के पास खेल रहे थे। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चों के मोटर चलाने के स्टाटर से करंट लग गया. जिनको लेकर परिजन सीएचसी रैणी आए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया है।

घटना शनिवार सुबह करीब 8 बजे रैणी थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव की है। मृतकों की पहचान गौरव मीणा (4) और हर्षिता मीणा (7) पिता रतिराम मीणा निवासी करणपुरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चों के साथ एक बच्चा और भी खेत के पास खेल रहा था। वह कुछ दूरी पर था, जबकि हर्षिता और गौरव बोरिंग के स्टार्टर के बिल्कुल पास थे। रैणी थाने के SHO बने सिंह ने बताया कि सिंगल फेस की बोरिंग की मोटर के वायर के संपर्क में आने से दोनों बच्चों को करंट लग गया।

# जालम सिंह हत्याकांड में दूसरी जमानत याचिका खारिज:15 लाख की रंगदारी और हत्या का आरोप

**▪ डोडा पोस्त पकड़े जाने पर पैसों की डिमांड की थी**

**जूम न्यूज़ • जालोर**

जालोर के सांचौर में बहुचर्चित जालम सिंह हत्याकांड में मुख्य आरोपी भागीरथ विश्नोई की दूसरी जमानत याचिका भी राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ ने खारिज कर दी। न्यायाधीश जस्टिस मुकेश राजपुरोहित ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 25 सितंबर 2026 को यह आदेश दिया। मामले की सुनवाई अपर सेशन न्यायाधीश, सांचौर की अदालत में चल रही है।

जालम सिंह के पिता अनोप सिंह ने 18 अगस्त 2024 को सांचौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, जालम सिंह पहले हुबली में भागीरथ विश्नोई की लॉज में काम करता था। बकाया वेतन मांगने पर उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।



अनोप सिंह का आरोप है कि बाद में भागीरथ ने लॉज से डोडा पोस्त पकड़े जाने के लिए जालम सिंह को जिम्मेदार ठहराते हुए 15 लाख रुपए मांगे और उसे जान से मारने की धमकी दी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 17 अगस्त 2024 को जालम सिंह सांगड़वा से सांचौर गया था। शाम तक घर नहीं लौटने पर पिता ने उसके मोबाइल पर फोन किया। अनोप सिंह के मुताबिक, फोन भागीरथ ने उठाया और 15 लाख रुपए पहुंचाने को कहा। इसके बाद जालम सिंह ने फोन पर पिता को बताया कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। पुलिस ने मामले में भागीरथ और अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट पेश की थी।

**हाईकोर्ट ने खारिज की विश्नोई की दूसरी जमानत याचिकाः** हाईकोर्ट में बचाव पक्ष ने दलील दी कि भागीरथ को दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है। उसने यह भी कहा कि मृतक के शरीर पर मिली 40 चोटों में कोई गंभीर प्रकृति की नहीं थी और आरोपी अगस्त 2024 से जेल में है। वहीं, परिवादी की ओर से अधिवक्ता निखिल भंडारी ने जमानत का विरोध करते हुए गवाहों के बयानों और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने अदालत को बताया कि अब तक दर्ज आठ गवाहों के बयान आरोपी के खिलाफ हैं और 18 अन्य गवाहों के बयान होना बाकी हैं। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने भागीरथ विश्नोई की दूसरी जमानत याचिका खारिज कर दी। हत्या के आरोपों पर अंतिम फैसला विचाराधीन मुकदमे में होगा।

### लोक अदालत में MACT केस निपटाने पर जोर

**ब्यावर**। ब्यावर में 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय लोक अदालत होगी। इसमें मोटर वाहन दुर्घटना दावा (MACT) के ज्यादा से ज्यादा केस निपटाने पर जोर रहेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर ने अधिवक्ताओं के साथ बैठक की।

बैठक में लंबित मामलों को आपसी सहमति और सुलह-समझौते से जल्द निपटाने पर चर्चा हुई। अपर जिला न्यायाधीश विजय प्रकाश सोनी, गिरिजा भारद्वाज और प्राधिकरण सचिव सोनल पारीख मौजूद थीं। अधिकारियों ने अधिवक्ताओं से पक्षकारों को लोक अदालत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रेरित करने को कहा। 'मीडिएशन 3.0' के तहत मध्यस्थता की भूमिका पर भी बात हुई। अधिवक्ताओं से पक्षकारों को इसके लाभ बताकर विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने को प्रेरित करने को कहा गया। लोक अदालत के प्रचार के लिए कपड़े की थैलियां जारी कर अधिवक्ताओं को बांटी गईं। इनसे लोक अदालत के प्रचार के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

**बासनी में SR हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में लगी थी आग, फायर ब्रिगेड के 14 कर्मचारी झुलसे थे**

# जोधपुरः फैक्ट्री ब्लास्ट में एक फायर फाइटर की मौतः हादसे में 90 प्रतिशत तक झुलस गए थे; दो दिन से वेंटिलेटर पर थे

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

जोधपुर के बासनी में SR हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में आग के दौरान केमिकल से भरे ड्रमों में ब्लास्ट से फायर ब्रिगेड के 14 कर्मचारी झुलस गए थे। हादसे में झुलसे फायर फाइटर प्रीतेश की शनिवार सुबह मौत हो गई। प्रीतेश दो दिन से वेंटिलेटर पर थे और इस हादसे में 90 प्रतिशत तक झुलस गए थे।

बासनी की गणेश नगर श्रमिक कॉलोनी में हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री में बुधवार शाम करीब 5:30 बजे आग लगी थी। आग पर काबू पाने के लिए 35 फायर फाइटर्स की टीम पहुंची थी। कर्मचारी आग बुझाने में जुटे थे। इस दौरान छत से एक पत्थर फिनोल केमिकल से भरे ड्रम पर आकर गिरा और ब्लास्ट हो गया। इसमें फायर ब्रिगेड के कर्मचारी झुलस गए। दूसरे फायर फाइटर्स अपने साथियों को पिकअप और दमकल में लेकर हॉस्पिटल पहुंचे थे। आग इतनी भयानक थी कि रात 11 बजे के बाद एयरफोर्स की फायर ब्रिगेड टीम को भी बुलाना पड़ा। गुरुवार सुबह 5 बजे आग पर काबू पाया गया। सुबह 7 बजे आग फिर से धधक उठी, जिस पर फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पाया। फैक्ट्री से सुबह 11 बजे तक धुआं निकल रहा था। इस हादसे में झुलसे 14 कर्मचारियों में से 6 फायर फाइटर्स को करीब 350 KM का ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस से महात्मा गांधी हॉस्पिटल से जयपुर के SMS अस्पताल भेजा गया था।



### 2 मरीज वेंटिलेटर व 4 ऑक्सीजन पर

महात्मा गांधी हॉस्पिटल के सुपरिडेंटेंड डॉ. फतेह सिंह भाटी ने बताया कि प्रीतेश वेंटिलेटर पर था। सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। अभी दो मरीज सुरेंद्र और प्रदीप वेंटिलेटर पर है। इस हादसे में 60 से 65 प्रतिशत और वहीं प्रदीप 80 से 90 प्रतिशत तक झुल गया था। इसके अलावाचार मरीज प्रवीण, कुणाल, दुर्गेश और विनय ऑक्सीजन स्पोर्ट पर है।

# जंगल में जाएंगे राजस्थान के गोडावण, 10 पक्षियों को खुले में छोड़ने की तैयारी

**जूम न्यूज़ • जैसलमेर**

जैसलमेर में राज्य पक्षी गोडावण (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड) के संरक्षण की दिशा में जैसलमेर में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से तैयार विशेष टनल में लंबे समय तक नेचुरल तरीके से जीवन जीने का प्रशिक्षण लेने के बाद 10 स्वस्थ गोडावण अब खुले जंगल में लौटने के लिए तैयार हैं। पहले चरण के तहत इन्हें 3 अक्टूबर को रामदेवरा और 4 अक्टूबर को सुदासरी (डेजर्ट नेशनल पार्क) क्षेत्र में प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ कई उच्चाधिकारी और देश-विदेश के वन्यजीव विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) की निगरानी में होने वाला यह प्रयास गोडावण को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से वापस



स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

शुरुआत में गोडावण को गुजरात के कच्छ में छोड़ने की योजना बनाई गई थी। बाद में विशेषज्ञों की सलाह पर इन्हें थार के उनके मूल प्राकृतिक आवास में छोड़ने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जैसलमेर के रामदेवरा और डेजर्ट नेशनल पार्क के सुदासरी क्षेत्र को चुना गया है। तय कार्यक्रम के अनुसार 3 अक्टूबर को रामदेवरा और 4 अक्टूबर को सुदासरी में गोडावण को खुले प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जाएगा।

### WII की निगरानी में कड़े प्रोटोकॉल

वन विभाग के संरक्षण केंद्रों में फिलहाल रिलीज के लिए कुल 10 पक्षी स्वस्थ और तैयार हैं। हालांकि, पहले चरण में इनमें से कितने पक्षियों को सीधे खुले आवास में छोड़ा जाएगा। इसका अंतिम तकनीकी आकलन और निर्णय WII के वैज्ञानिकों के दिशा-निर्देशों के आधार पर किया जा रहा है। इन पक्षियों पर वैज्ञानिक निगरानी के साथ कड़े प्रोटोकॉल लागू किए जा रहे हैं, ताकि प्राकृतिक वातावरण में इनके व्यवहार और अनुकूलन पर नजर रखी जा सके। साल 2016 में इंटीग्रेटेड जीआईबी कंजर्वेशन प्रोजेक्ट की नींव रखी गई थी। इसके बाद 2019 में राजस्थान में बड़े स्तर पर गोडावण ब्रीडिंग प्रोग्राम शुरू किया गया।

# युवाओं ने हैकाथॉन में दिखाया टेक्नोलॉजी का दम, एलिया आईटी सॉल्यूशंस की पहल

## युवा प्रतिभाओं को नई तकनीक पर काम करने का मंच देने के लिए एलियांस हैकाथॉन के रोबोटिक्स संस्करण का आयोजन

जूम न्यूज़ • जयपुर

AI और रोबोटिक्स के जरिए मुश्किल समस्याओं के तकनीकी समाधान तलाशने के लिए जयपुर में युवाओं ने 24 घंटे तक लगातार काम किया। एलिया आईटी सॉल्यूशंस की ओर से आयोजित हैकाथॉन में प्रतिभागियों ने AI, कंप्यूटर विजन, सेंसर और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों की मदद से रोबोटिक प्रोटोटाइप तैयार किए। इन रोबोट्स ने समस्या को समझने, निर्णय लेने और उसके आधार पर कार्रवाई करने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

दरअसल, आने वाले वर्षों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) और रोबोटिक्स को टेक्नोलॉजी इनोवेशन और डेवलपमेंट की प्रमुख ताकत माना जा रहा है। इसी दिशा में जयपुर में युवा प्रतिभाओं को नई तकनीक पर काम करने का मंच देने के लिए एलियांस हैकाथॉन के रोबोटिक्स संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। एलिया आईटी सॉल्यूशंस, जयपुर की ओर से आयोजित यह हैकाथॉन 25 से 26 सितंबर तक चला। यह एलियांस हैकाथॉन का चौथा संस्करण है। इससे पहले इसके संस्करण वर्ष 2023, 2024 और 2025 में आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार का आयोजन खास तौर पर एआई और रोबोटिक्स आधारित तकनीकी समाधानों पर केंद्रित है।

एलिया आई टी सॉल्यूशंस फाउंडर आशुतोष भाटिया ने बताया कि हैकाथॉन में प्रतिभागी लगातार 24 घंटे तक विभिन्न वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित चैलेंज पर काम किया। प्रतिभागियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, कंप्यूटर विजन, सेंसर और ऑटोमेशन जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करना था। प्रतिभागी सीमित समय में अपने रोबोटिक प्रोटोटाइप तैयार करेंगे और उनका लाइव प्रदर्शन भी किया। इस दौरान रोबोट की समस्या को समझने, निर्णय लेने और उसके आधार पर कार्रवाई करने की क्षमता प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गई।



### 'एआई से संचालित रोबोटिक्स' थीम पर आयोजन



इस वर्ष हैकाथॉन की थीम 'एआई से संचालित रोबोटिक्स के नए समाधान' रखी गई है। एलिया आईटी सॉल्यूशंस की सीईओ मेघा भाटिया ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में टेक्नोलॉजी इनोवेशन और प्रैक्टिकल प्रॉब्लम सॉल्विंग की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

### विजेता टीम को पुरस्कार

25 सितंबर से शुरू हुआ यह चैलेंज 26 सितंबर तक चला। 24 घंटे की चुनौती के बाद प्रतिभागियों के तैयार किए गए रोबोटिक प्रोटोटाइप और उनके समाधानों का प्रदर्शन किया। विजेता टीम को पुरस्कार दिया गया। आयोजन के जरिए युवाओं को एआई और रोबोटिक्स के क्षेत्र में प्रयोग करने तथा वास्तविक समस्याओं के तकनीकी समाधान विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

ब्रीफ न्यूज

## जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल में आग से मची भगदड़



जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर-दिल्ली हाईवे पर स्थित निम्स हॉस्पिटल में शुक्रवार देर रात 11 बजे आग लग गई। आग से अफरा-तफरी मच गई। परिजन वार्डों से मरीजों को बाहर खुले में ले गए। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। मामला चंदवाजी इलाके का है। पुलिस ने बताया- निम्स हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद ऑपरेशन थिएटर की छत की फॉल सीलिंग में आग की लपटें उठने लगी। देखते ही देखते आग से ओटी और एमआईसीयू एरिया में धुआं भर गया। आग का पता चलने पर हॉस्पिटल में मौजूद मरीज और उनके परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस और हॉस्पिटल प्रबंधन ने मरीजों को वार्ड से बाहर निकाला। कुछ मरीजों को परिजन खुद ही बाहर ले गए। आग लगने पर हॉस्पिटल प्रबंधन से जुड़े कर्मचारी इधर-उधर भागते रहे। आग बुझाने के उचित उपाय नहीं होने से समय पर राहत नहीं मिल सकी। गंभीर मरीजों को हॉस्पिटल से बाहर ही खुले में रात बितानी पड़ी।

## साइबर ठग ने दोस्ती कर रेस्टोरेंट-मालिक को फंसाया

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर में दोस्ती कर रेस्टोरेंट मालिक को फंसाने का मामला सामने आया है। साइबर क्रिमिनल ने विश्वास में लेकर रेस्टोरेंट मालिक से बैंक अकाउंट नंबर लिया और उसमें साइबर ठगी की रकम मंगवाने लगा। इसके बाद ठगी की रकम को जालसाजी से उसके मोबाइल की नेट बैंकिंग और यूपीआई के जरिए दूसरे बैंक अकाउंट्स में ट्रांसफर कर लेता था। बैंक अकाउंट होल्ड होने पर जालसाजी का पता चलने पर पीड़ित ने महेश नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने बताया-- महेश नगर के सूर्य नगर निवासी सत्येन्द्र कुमार मीना ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि वह त्रिवेणी चौराहे के पास श्री उम्मेद जायका नाम से रेस्टोरेंट चलाते है। पिछले 3-4 महीने से रेस्टोरेंट पर आदिल खान नाम का व्यक्ति खाना खाने और चाय पीने आता था। रेस्टोरेंट पर आने-जाने के कारण उसकी जान-पहचान हो गई। इसका फायदा उठाकर आदिल ने उससे दोस्ती कर ली। पिछले 15-20 दिन पहले उसे खुद के बैंक अकाउंट होल्ड होने के कारण परेशान होना बताया। किसी से पैसे डलवाने की कहकर उसका बैंक अकाउंट नंबर मांगा। विश्वास में आकर रेस्टोरेंट ऑनर सत्येन्द्र ने अपने बैंक अकाउंट नंबर दे दिए। उसके बाद आरोपी आदिल खान ने अलग-अलग जगहों से काफी लोगों से बैंक अकाउंट में रुपए डलवाने लगा। आए रुपयों को रेस्टोरेंट ऑनर सत्येन्द्र के मोबाइल से नेट बैंकिंग व यूपीआई के जरिए अलग-अलग करीब 11-12 विभिन्न बैंक अकाउंट्स में डाल लिए।

# गणपति विसर्जन: पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक, 3 हजार औषधीय पौधों के बीच विदा हुए गणपति बप्पा, महाराष्ट्र की तर्ज पर जयपुर में शोभायात्रा

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर के गणपति विसर्जन में इस बार आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण और महाराष्ट्र की परंपरा की झलक भी देखने को मिली। कहीं गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन 3 हजार औषधीय पौधों के बीच किया गया, तो कहीं महाराष्ट्र की तर्ज पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर में अलग-अलग स्थानों पर हुए इन अनूठे आयोजनों ने गणेशोत्सव को खास बना दिया। गणपति महोत्सव के समापन पर शुक्रवार को गणपति विसर्जन के दौरान भक्ति के साथ पर्यावरण संरक्षण और महाराष्ट्र की परंपरा की अनूठी झलक देखने को मिली।

टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला के वैदिक औषधीय पादप केंद्र सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में धन्वंतरि गणपति का विसर्जन किया गया। वहीं वैशाली नगर में महाराष्ट्र की तर्ज पर निकली गणपति विसर्जन शोभायात्रा ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच चाकसू के मनोहर तालाब तक पहुंची।





श्री पिंजरापोल गौशाला में आयोजित धन्वंतरि गणपति विसर्जन पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ किया गया। गणपति की प्रतिमा गौमाता के गोबर, उपजाऊ मिट्टी और तुलसी, शतावरी, पीकेएम मोरिंगा व नागौरी अश्वगंधा सहित विभिन्न औषधीय बीजों से तैयार की गई थी। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता और हैनीमैन एनिमल चैरिटेबल मिशन सोसाइटी की सचिव मोनिका गुप्ता ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद गणपति की प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। शोभायात्रा में गौसेवक, वेदपाठी बटुक और श्रद्धालु ढोल की थाप पर नाचते हुए शामिल हुए। जमीन में बनाए गए अस्थायी तालाब में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। खास बात यह रही कि प्रतिमा की मिट्टी मिले पानी को 3 हजार से अधिक औषधीय पौधों की जड़ों में समाहित किया गया। आयोजकों के अनुसार, प्रतिमा प्रकृति में पुनः समाहित होकर औषधीय पौधों के रूप में नया जीवन पाएगी। मोनिका गुप्ता ने कहा कि गणपति को प्रकृति में जीवंत रखने का संकल्प लिया गया है। प्रतिमा की मिट्टी से पनपने वाले औषधीय पौधे आगे स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। वहीं वैशाली नगर में गणपति विसर्जन के दौरान महाराष्ट्र की परंपरा की झलक दिखाई दी। यहां पिछले 15 वर्षों से महाराष्ट्र की तर्ज पर गणपति उत्सव मनाया जा रहा है। इस बार महाराष्ट्र के कारीगरों से तैयार कराई गई करीब साढ़े तीन फीट ऊंची मिट्टी की गणपति प्रतिमा का ढोल-नगाड़ों के साथ विसर्जन किया गया।

आयोजक कंवलजीत राणावत के अनुसार विसर्जन यात्रा के लिए महाराष्ट्र से विशेष ढोल-नगाड़ों की टीम बुलाई गई थी। करीब 100 से 150 ढोल वादक शोभायात्रा में शामिल हुए। इसके साथ दक्षिण भारत की पारंपरिक बैंड टीम भी आकर्षण का केंद्र रही। वैशाली नगर से शुरू हुई विसर्जन यात्रा चाकसू स्थित मनोहर तालाब पहुंची, जहां गणपति प्रतिमा का विसर्जन किया गया। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसादी की भी व्यवस्था की गई। इस तरह जयपुर में एक ओर महाराष्ट्र की पारंपरिक भव्यता के साथ गणपति को विदाई दी गई, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण की पहल के तहत गणपति को औषधीय पौधों के रूप में नया जीवन देने का संदेश दिया गया।

# ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर कार ने ऑटो को मारी टक्कर, एक व्यक्ति की मौत

### 4 घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

जूम न्यूज़ • सिरोही

ब्यावर-पिंडवाड़ा फोरलेन पर सानवाड़ा और वीरवाड़ा के बीच पिंडवाड़ा की तरफ जा रहे एक ऑटो रिक्शा को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो सड़क से दूर गड्ढे में जा गिरा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार महिलाएं घायल हो गई।

इस घटना में ऑटो में सवार चार महिलाओं समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 के पायलट सुरेंद्र सिंह देवड़ा और मेल नर्स राजू जीनगर मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को सिरोही के सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान गंभीर घायल रामाराम की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, घायल डिंगार गांव निवासी छोगी देवी पत्नी लक्षाराम, सुखी देवी पत्नी छगनलाल, चेनू देवी पत्नी लाखाराम, ज्योत्सना और रामाराम पुत्र चेनाजी का इलाज चल रहा है।





# सरिस्का की 18 किमी सड़क का आज होगा शिलान्यास, 20 साल बाद ली सुध

जूम न्यूज़ • जयपुर

अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट, पांडूपोल, भर्तृहरि मंदिर जाने वाले टूरिस्ट व भक्तों के अलावा थानागाजी सहित आसपास के लोगों के लिए खुशखबर है। कुशालगढ़ से थानागाजी के थैंक्यू बोर्ड तक करीब 18 किलोमीटर की रोड की सरकार ने 20 साल बाद सुध ली है। जिसका शिलान्यास रविवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव व वन राज्य मंत्री संजय शर्मा करेंगे। इससे पहले यह रोड 2008 में वसुंधरा राजे की सरकार के समय बना था। तब बीजेपी के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा थे। जो अब राज्य सरकार में वन राज्य मंत्री हैं। यह वन क्षेत्र के बीच की रोड है।



जानकारी के अनुसार, वन विभाग की एनओसी के चक्कर में रोड नहीं बन पा रही थी, लेकिन अब इस सड़क को बनाने का वर्कऑर्डर जारी हो गया है। इसके पुनर्निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं, वहीं भर्तृहरि तिराहे पर 5 करोड़ रुपए की लागत से पुलिया बनेगी। जिसका अलग से बजट जारी किया जाएगा। ऑटो से जा रही खोहरा मलावली की महिला गीता देवी ने कहा कि 1 घंटे का रास्ता 2 से तीन घंटे में पूरा होता है। गर्मी मे बुरा हाल होता है। रोड़ियां दूर-दूर तक उछटती हैं। आए दिन एक्सीडेंट होते हैं। अलवर के ऑटो ड्राइवर रवि कहा कि इस रोड का बुरा हाल है। रोड़ियों से कार व ऑटो के शीशे टूट जाते हैं। इतना खराब रोड है जिस पर वाहन चलाने के बाद हाथ पैर थक जाते हैं। आए दिन एक्सीडेंट होते हैं

XEN सुनील शर्मा ने बताया कि कुशालगढ़ से थैंक्यू बोर्ड तक 18 किलोमीटर लंबी रोड के पुनर्निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए का वर्क ऑर्डर जारी हो गया है। भर्तृहरि पुलिया के लिए 5 करोड़ रुपए का बजट आएगा। यह काम 10 महीने में पूरा किया जाएगा। जिसका वारंटी पीरियड 5 साल का रहेगा। यह रोड करीब 20 साल पहले बनी थी। बीच में 2013 में भर्तृहरि तिराहे से थानागाजी तक एक बार अलग से रोड का निर्माण हुआ है।

राजस्थान फिल्म फेस्टिवल: रीजनल फिल्मों को लेकर टॉक शो

# ईशा बोलीं- दर्शकों को अब 2 घंटे सीट पर बिठाना चुनौती, शरमन ने कहा- क्षेत्रीय सिनेमा की कहानियां वर्ल्ड क्लास

जूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान फिल्म फेस्टिवल के तहत रीजनल फिल्मों को लेकर आयोजित टॉक शो में बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी, ईशा कॉपिकर, ममता कुलकर्णी सहित देशभर से आए फिल्ममेकर, कलाकार और संगीतकारों ने हिस्सा लिया। क्षेत्रीय सिनेमा की ताकत और उसकी संभावनाओं पर बात करते हुए एक्टर शरमन जोशी ने कहा कि जहां भारत की आत्मा बसती है, वहां की कहानी कहना सबसे बड़ा कर्म है। उन्होंने कहा कि रीजनल फिल्में देश के अलग-अलग अंचलों में रहने वाली ऑडियंस को अपनी कहानियों से जोड़ रही हैं। यही इन फिल्मों की सबसे बड़ी ताकत है और यही अलग-अलग भाषाओं के प्रति लोगों का प्रेम भी है।



टॉक शो में बंगाली फिल्म 'कॉरपूर' के निर्देशक अरिंदम सिल, पंजाबी फिल्म 'मां जाए' के निर्देशक नवनीत सिंह, तमिल फिल्म 'इंद्रा' के निर्देशक सबरीश नंदा राधाकृष्णन और मलयालम फिल्म 'धीरम' के निर्देशक जितिन सुरेश टी शामिल हुए। इसके अलावा मलयालम फिल्म 'थलवारा' के निर्देशक अखिल अनिलकुमार, तमिल फिल्म 'येलो' के लेखक हरि महादेवन और ओड़िया फिल्म 'चरिधाम' के अभिनेता सुजीत पैकराय ने भी चर्चा में हिस्सा लिया। यह आयोजन दुर्गापुरा स्थित होटल रॉयल ऑर्किड में हुआ।

अभिनेत्री ईशा कोपिकर ने कहा कि दक्षिण भारतीय सिनेमा ने उन्हें बहुत कुछ सिखाया है। अब कंटेंट तेजी से बदल रहा है और डिजिटलाइजेशन ने सिनेमा देखने का तरीका भी बदल दिया है। आज एक्सपेरिमेंटल सिनेमा के लिए रास्ते खुले हैं और दर्शक भी पहले की तुलना में ज्यादा स्मार्ट हो गया है। उन्होंने कहा कि आज कंटेंट के बाद ऑडियंस ही किंग है। दर्शकों के पास मनोरंजन के बहुत सारे विकल्प हैं और वे बहुत जल्दी एक कंटेंट से दूसरे कंटेंट पर चले जाते हैं। सोशल मीडिया और रील्स ने दर्शकों के अटेंशन स्पैन को भी प्रभावित किया है। लोग कुछ सेकंड की रील देखते हैं और तुरंत दूसरे कंटेंट पर चले जाते हैं। अभी हॉरर देख रहे हैं तो कुछ ही देर में कॉमेडी या कोई दूसरा कंटेंट देखने लगते हैं।

ईशा ने कहा कि ऐसे दौर में किसी दर्शक को दो घंटे तक थिएटर की सीट पर बैठाए रखना आसान नहीं है। यह फिल्ममेकर और राइटर्स के सामने बड़ी चुनौती है। अब लेखकों को दर्शकों की बदलती पसंद को समझते हुए कुछ अलग और बेहतर लिखने के लिए पहले से ज्यादा मेहनत करनी पड़ रही है।

# पत्नी ने दिया पति को जहर, मौत: पिता के साथ रची साजिश की रिकॉर्डिंग मिली

### तबीयत बिगड़ने पर बोला- कोल्ड ड्रिंक में जहर दिया

जूम न्यूज़ • जयपुर

जयपुर में एक पत्नी ने कोल्ड ड्रिंक में जहर देकर अपने ही पति की हत्या कर दी। उसने पिता के साथ पति बबलू के मर्डर का प्लान बनाया था। प्लान के मुताबिक उसने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर दे दिया। पति की तबीयत बिगड़ी तो उसे पास ही हॉस्पिटल ले जाया गया। अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते में बताया कि उसे ससुराल वालों ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया है। बबलू की एसएमएस हॉस्पिटल में मौत हो गई। मामला कानोता थाना इलाके का है। SHO (कानोता) वीरेन्द्र सिंह ने बताया- कानोता के बैनाड़ा निवासी मन्नी देवी (55) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने अपने बेटे बबलू की हत्या का मामला दर्ज करवाया है। मृतक की पत्नी सुनीता, ससुर प्रकाश मीणा, उनके भाई रामावतार व भतीजे गोलू व दीपक निवासी हेमल्यावाला दौसा पर हत्या का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया- मई-2024 उनके बेटे बबलू मीणा की शादी सुनीता के साथ हुई थी। आरोप है कि पिछले काफी दिनों से पत्नी सुनीता का किसी ओर से अफेयर चलने का बबलू को शक था। पता चलने पर बबलू ने अपनी पत्नी सुनीता का मोबाइल अपने पास रख लिया था। बबलू सुनीता को मम्मी-पापा व भाइयों से बात करने के लिए खुद का मोबाइल देता था। बबलू के मोबाइल से ही सुनीता अपने घर पर बातचीत करती थी। बबलू के मोबाइल में हर बातचीत की रिकॉर्डिंग होती थी।

मां ने रिपोर्ट में बताया कि 19 जुलाई-2026 को घर छोड़कर सुनीता अपने मामा के घर बिहारीपुरा चली गई। 22 जुलाई को सुनीता ने बबलू को अपने पिता प्रकाश व भाइयों से बात करने की कहकर बिहारीपुरा बुलाया। मीटिंग के लिए बुलाकर बातचीत के दौरान कोल्ड ड्रिंक में जहर दे दिया। जिसके बाद बबलू को घर जाने की कहकर भेज दिया। दोपहर को घर लौटने के बाद बबलू ने तेज सिर दर्द और उल्टी की शिकायत की।

तबीयत खराब होने पर परिजन पड़ोसियों की मदद से बबलू को पास ही नवजीवन हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टर्स ने चेक कर जहर देने की बात कहकर SMS हॉस्पिटल ले जाने के लिए कहा। हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में बबलू ने बताया कि बिहारीपुरा में मुझे मेरे ससुरालवाले प्रकाश, गोलू व दीपक और सुनीता ने कोल्ड ड्रिंक में जहर दिया है। इस वजह से मेरी तबीयत खराब है। SMS हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कानोता थाना पुलिस की ओर से पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया था।

# बार एसोसिएशन को विकास मालू का करोड़ों की सुविधाओं के लिए सहयोग, अधिवक्ताओं ने जताया आभार



जूम न्यूज़ • सरदारशहर

न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं और पक्षकारों के लिए सुविधाओं के विस्तार के लिए सहयोग मिलने पर सरदारशहर बार एसोसिएशन ने भामाशाह विकास मालू का आभार जताया। शनिवार शाम कुबेर कुंज में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने विकास मालू से मुलाकात की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने बताया कि विकास मालू के सहयोग से न्यायालय परिसर में एडवोकेट चैंबर्स, बार रूम, दो कैंटीन, लिटिगेंट हॉल, ब्रिज निर्माण सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं से न्यायालय परिसर में आने वाले अधिवक्ताओं और पक्षकारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। राजपुरोहित ने कहा कि न्यायालय परिसर में चैंबर्स, बार रूम, कैंटीन और लिटिगेंट हॉल जैसी सुविधाओं का विकास लंबे समय से आवश्यक महसूस किया जा रहा था। उन्होंने इसके लिए विकास मालू के सहयोग पर बार एसोसिएशन की ओर से आभार जताया। मुलाकात के दौरान विकास मालू और बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच हल्के-फुल्के अंदाज में बातचीत भी हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष रामनिवास सारण, दिलीप सिंह पंवार, मनोज पारीक, सीताराम स्वामी, रूपचंद सोनी, भागीरथ सिद्ध, अशोक पारीक, जगदीश माली, प्रीतम शेखावत सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ब्रीफ न्यूज

### शिविर में दस लाख की आर्थिक सहायता, सरकारी रास्तों का आवंटनः विश्नोई




जूम न्यूज़ • बाड़मेर

विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत शनिवार को गिरदावर वृत्त बोर चारणान में ग्राम सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मौके पर उपलब्ध कराया गया।धोरीमन्ना उपखंड अधिकारी एवं कृषि उपज मंडी के प्रशासक बद्रीनारायण विश्नोई ने कहा कि सेवा सेतु शिविर आमजन के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गिरदावर मंडल की सभी ग्राम पंचायतों एवं पटवार मंडलों के ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से दो दर्जन विभागों की सैकड़ो प्रकार की योजनाओं और सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर में मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के तहत पांच लाभार्थियों को कुल दस लाख रुपए की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। उपखंड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने प्रेमी, सुगीदेवी,जेठाराम,परमेश्वरी एवं जमना देवी को दौ, दौ लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।शिविर के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करते हुए उपखंड अधिकारी विश्नोई ने एक दर्जन चालू स्थायी रास्तों को राजस्व रिकॉर्ड में किस्म 'गैर मुमकिन रास्ता' दर्ज करने के आदेश जारी किए। इससे संबंधित ग्रामीणों को आवागमन एवं राजस्व रिकॉर्ड से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सुविधा मिलेगी। शिविर में उपस्थित दो दर्जन विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी तथा पात्र लोगों से शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसीलदार धोरीमन्ना चंद्रप्रकाश शर्मा सहित 22 विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों लाभार्थी मौजूद रहे।

### रिदम का राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

जूम न्यूज़ • बिलाड़ा

विजडम अकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिलाड़ा की कक्षा 11वीं के छात्र रिदम मालवीय का 17 वर्षीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। रिदम का जोधपुर जिले की टीम में चयन होने पर विद्यालय परिवार, खेलप्रेमियों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। अब रिदम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जोधपुर जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा। विद्यालय के प्रिंसिपल प्रदीप कुलपानी ने बताया कि धौलपुर में आयोजित होने वाली 17 वर्षीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए रिदम मालवीय का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि रिदम लंबे समय से फुटबॉल का नियमित अभ्यास कर रहा है और अपनी मेहनत के दम पर उसने जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय टीम में जगह बनाई है। बिलाड़ा जैसे कस्बे से किसी खिलाड़ी का राज्य स्तर पर चयन होना विद्यालय के साथ पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। फुटबॉल कोच दिनेश बैरवा ने बताया कि रिदम मालवीय पिछले लंबे समय से सीरवी मोतीसिंह स्टेडियम में अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों के साथ नियमित अभ्यास कर रहा है। अभ्यास के दौरान रिदम ने खेल के प्रति निरंतर मेहनत और अनुशासन दिखाया। इसी का परिणाम है कि उसका चयन जोधपुर जिले की टीम के लिए हुआ है। उन्होंने बताया कि जोधपुर जिले की टीम रविवार को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धौलपुर रवाना होगी। रिदम के चयन पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी जताते हुए उसे प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



### राजकीय कन्या महाविद्यालय में मिड टर्म परीक्षाएं 30 सितंबर से

जूम न्यूज़ • पीपाड़ शहर

स्थानीय श्रीमती सीता देवी चुन्नीलाल बरड़िया राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की मिड टर्म परीक्षाएं 30 सितंबर से आयोजित की जाएंगी।परीक्षाओं को लेकर महाविद्यालय प्रशासन ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. संदीप कच्छवाहा ने बताया कि नियमित अध्ययनरत सभी छात्राओं के लिए मिड टर्म परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। परीक्षा के अंतर्गत छात्राओं को लिखित परीक्षा के साथ-साथ संबंधित विषयों के असाइनमेंट एवं वाइवा भी देना होगा।उन्होंने बताया कि मिड टर्म परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाली छात्राओं को परीक्षा समाप्त होने के बाद दोबारा अवसर नहीं दिया जाएगा। साथ ही मिड टर्म परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाली छात्राओं को आगामी विश्वविद्यालय परीक्षाओं में सम्मिलित होने से संबंधित समस्या का सामना करना पड़ सकता है। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी छात्राओं से निर्धारित तिथियों पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर मिड टर्म परीक्षाओं में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है।

# विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

## सांसद पी.पी. चौधरी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित, अन्नप्राशन व गोदभराई कार्यक्रम भी हुआ

जूम न्यूज़ • पीपाड़ शहर



विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से संचालित विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत शनिवार को महिला एवं बाल विकास विभाग, पीपाड़ शहर की ओर से ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पी.पी. चौधरी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पूर्व प्रधान बिलाड़ा सुमित्रा विश्नोई, उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल, विकास अधिकारी सरदार सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊषा सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छवाह, पूर्व पालिकाध्यक्ष महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष पुष्पा तिवाड़ी सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। नवनिर्वाचित पार्षद लीला जैन, चेनाराम गहलोत, संपत राज सांखला, मुकेश गवारिया, रफीक सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

कार्यक्रम का संचालन महिला पर्यवेक्षक प्रमिला निर्वाण एवं महिला अधिकारिता पर्यवेक्षक पल्लवी कुलहरी ने किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊषा सोलंकी ने अभियान के उद्देश्य, विभागीय गतिविधियों एवं प्रधानमंत्री के संदेश का वाचन किया। अतिथियों का स्वागत ऊषा सोलंकी एवं ताराचंद ने किया।


मुख्य अतिथि सांसद पी.पी. चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में आंगनबाड़ी केंद्रों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों, महिलाओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य समाज के विकास में अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्मिकों के समर्पण एवं सेवाओं की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर सांसद पी.पी. चौधरी ने आंगनबाड़ी कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं पोषण माह के तहत अन्नप्राशन एवं गोदभराई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा स्वस्थ जीवनशैली को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्मिकों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लॉक समन्वयक राजेश, कार्यालय सहायक अर्जुन तथा पीपाड़ परियोजना क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# मृतक आश्रित परिवार को मिला 2 लाख का चेक

जूम न्यूज़ • जैतारण




राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा बलून्दा मृतक आश्रित परिवार के सदस्यों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का चेक दिया गया राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा बलूंदा शाखा प्रबंधक मनीष मीणा ने कहा कि किसी की मृत्यु की भरपाई पैसे से नही की जा सकती। पैसे से परिवार की क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन सरकार से उनके बेसहारा परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये बीमा योजना चलाया है। जिससे परिवार के मुखिया के न रहने पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इसलिये जो भी खाता धारक हैं।

वे बैंक में आकर प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा अवश्य करायें।बैंक ने खाताधार का बीमा किया था अधिकारी सौरभ बागड़ी ने कहा कि हमारे शाखा में गोविन्द चौकीदार निवासी बाँजाकुडी खाता धारक की मौत हो गई थी। बैंक ने खाताधारक का बीमा किया था। उनके मौत के बाद परिवार के मुखिया को दो लाख का चेक दिया गया है। अत्यंत गरीब परिवार से हैं। इस रुपये से परिवारों की आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगी। गोविंद चौकीदार खाखाताधारक ने 436 रुपये सालाना का बीमा कराया था। जिसका लाभ उनके परिवार को मिला है। उन्होंने कहा कि किसी भी ग्राहक को कोई भी समस्या हो तो शाखा में आकर बात कर सकते हैं। शाखा प्रबंधक मनीष मीणा, अधिकारी सौरभ बागड़ी, कार्यालय सहायक रोहित फुलवारिया, कार्यालय परिचारक मोहन लाल माली और बिज़नेस कोर्सपोंडेंट मेघराज दामेर उपस्थित थे।

# जोधपुर संभाग में विशेष गिरदावरी और चारा डिपो खोलने पर चर्चा

### कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने की सीएम के एसीएस से बैठक

जूम न्यूज़ • जोधपुर

पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को शासन सचिवालय में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अखिल अरोड़ा से एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक के दौरान उन्होंने प्रदेश में इस वर्ष हुई कम बारिश के कारण जोधपुर संभाग में पशुपालकों और किसानों के सामने उत्पन्न हुए गंभीर संकट से निपटने के लिए तुरंत आवश्यक कदम उठाने पर चर्चा की।



कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि मानसून की बेरुखी और कम बारिश के चलते जोधपुर संभाग के कई जिलों में खेती-किसानी को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने विशेष रूप से पाली, जालोर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी, बालोतरा और जोधपुर जिलों का जिक्र करते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। इस संकट से किसानों को उबारने के लिए मंत्री ने प्रभावित इलाकों में विशेष गिरदावरी करवाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा- गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर पीड़ित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की कार्रवाई की जाए ताकि उन्हें आर्थिक संबंल मिल सके।

#### पशुपालकों के लिए खुलें चारा डिपो

फसलों के खराब होने से न केवल किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हुआ है, बल्कि मवेशियों के लिए चारे की भारी किल्लत भी पैदा हो गई है। श्री कुमावत ने पशुपालकों की चिंता को साझा करते हुए एसीएस अखिल अरोड़ा को बताया कि इन जिलों में चारे की भारी कमी है। इस स्थिति से निपटने के लिए उन्होंने प्रभावित जिलों में तुरंत चारा डिपो खुलवाने की आवष्यकता जताई, जिससे पशुपालकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार आसानी से चारा उपलब्ध कराया जा सके और गोवंश व अन्य मवेशियों को बचाया जा सके। कम बारिश का सीधा असर क्षेत्र के जलस्तर और पेयजल आपूर्ति पर भी पड़ा है।

# श्योपुरा में 'आंगन मिलन सेवा अभियान' आयोजित

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा सहयोगिनियों का सम्मान

जूम न्यूज़ • चूरू



विकसित भारत–जन सेवा अभियान के तहत 25 से 27 सितम्बर तक चल रहे 'आंगन मिलन सेवा अभियान' के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र श्योपुरा में सार्वजनिक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय, परिवार और आंगनबाड़ी केंद्रों के बीच सहभागिता को मजबूत करना रहा। समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और आशा सहयोगिनियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे एवं प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी संदेश पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। कार्यक्रम में गोद भराई, अन्नप्राशन, रंगोली निर्माण, अनुभव साझा करने और कविता पाठ सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। समारोह में महिला एवं बाल विकास अधिकारी प्रमोद धायल, बीएचएस गजेंद्र चौहान, एलएस ज्योति वर्मा, एएनएम उर्मिला कुलहरी, आशा कार्यकर्ता सुनीता व सरोज सहित गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, बच्चे, पोषण सखी, शिक्षक, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक चेतना मंच के कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा की उपयोगी जानकारी

# संवैधानिक अधिकारों की जानकारी दी

जूम न्यूज़ • पाली



राजकीय बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में सांस्कृतिक चेतना मंच की ओर से ज्ञानवर्धक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को संवैधानिक अधिकारों, भारतीय संस्कृति एवं विरासत के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई।


कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता नंदकिशोर बंसल ने छात्राओं को संविधान में बच्चों के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संविधान ने बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की हैं। इन प्रावधानों की सही जानकारी होने पर बच्चे आवश्यकता के समय अपने अधिकारों का उचित उपयोग कर सकते हैं। प्रश्नोत्तर के माध्यम से भारतीय संस्कृति से कराया परिचित -कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को समझने के लिए उसकी समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जानना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सुंदरकांड की पुस्तकें प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। डॉ. हजारी मल चौधरी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जानकारी दी। उन्होंने प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग तथा फास्ट फूड के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा पांडेय ने किया। इस अवसर पर जय नारायण अरोड़ा, घनश्याम भटनागर, हीरा लाल व्यास सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के संविदा कार्मिकों की संविदा अभिवृद्धि की अवधि बढ़ी

जूम न्यूज़ • बीकानेर

अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्यरत सहायक अध्यापक लेवल-प्रथम एवं लेवल-द्वितीय संविदा कार्मिकों की सत्र 2026-27 की संविदा अभिवृद्धि के लिए ऑनलाइन प्रविष्टि की अवधि पांच दिन बढ़ा दी गई है। अब संबंधित कार्यवाही 30 सितंबर 2026 तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी।

माध्यमिक शिक्षा राजस्थान के उप निदेशक महेन्द्र सिंह जाखड़ ने जारी निर्देश में बताया कि शाला दर्पण पोर्टल पर निर्धारित अवधि में सभी पात्र संविदा कार्मिकों की ऑनलाइन प्रविष्टियां पूर्ण नहीं हो सकी हैं। ऐसे में विद्यालय स्तर पर कार्य-समीक्षा के बाद पात्र कार्मिकों की संविदा अभिवृद्धि की प्रविष्टि निर्धारित मॉड्यूल में करना अनिवार्य होगा। तकनीकी अथवा अन्य कारणों से जिन कार्मिकों की ऑनलाइन प्रविष्टि संभव नहीं है, उनकी अलग सूची निर्धारित प्रारूप में कार्यालय को भेजनी होगी। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा प्रविष्टियों का परीक्षण एवं अनुमोदन भी 30 सितंबर तक पूरा किया जाएगा। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त ऑफलाइन अथवा विलंबित प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।



# लव एंड वॉर से रिलीज हुआ आलिया का ग्लैमरस लुक

मुंबई। संजय लीला भंसाली फिल्म 'लव एंड वॉर' का दूसरा पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म के पहले लुक में जहां रणबीर कपूर की झलक सामने आई थी। वहीं, शुक्रवार को फिल्म से आलिया भट्ट का लुक सामने आया है। फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने आलिया के दो पोस्टर रिलीज कर फैंस का उनके किरदार से परिचय कराया है। पोस्टर में वह अपनी सभी फिल्मों के लुक्स के बेहद अलग दिखाई दे रही हैं। आलिया भट्ट का लुक काफी ग्लैमरस दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में उन्हें कुर्सी पर अदाओं के साथ बैठे हुए दिखाया गया है। वहीं, उनके बैकग्राउंड में पुराने दौर का क्लब दिख रहा है, जहां एक स्टेज के आस पर कई लोग खड़े हुए हैं। पोस्टर को देखते हुए लग रहा है कि उनका किरदार किसी कैबरे डांसर का हो सकता है। इसके पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन में 'आग भी, दिलों की जान भी' लिखा है। इससे पता चल रहा है कि फिल्म में उनका किरदार लोगों के बीच काफी मशहूर है। फिल्म 'लव एंड वॉर' से आलिया भट्ट का दूसरा लुक भी दिखाया गया है। इस पोस्टर में पूरी तरह कैबरे डांसर लुक में नजर आ रही हैं।



## लाइफ Style

# तापसी

## बेवजह फिल्म से किया गया था रिप्लेस

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इसके साथ ही अपने फिल्मी सफर को भी फैंस के साथ शेयर करती हैं। एक बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी एक फिल्म के बारे में बातचीत की है, जिससे अकारण ही उन्हें निकाल दिया गया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

तापसी पन्नू ने बॉलीवुड में बिना किसी मदद के अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मगर नयनदीप रक्षित के पॉडकास्ट के दौरान उन्होंने अपने उस कड़वे अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया है कि फिल्म के हीरो ने मेरी जगह किसी और को कास्ट कर लिया। कारण तो भगवान ही जाने। मैं तरह-तरह के कारण सोचती रहती हूं। मैं असुरक्षा की भावना समझ सकती हूं, मैं सोच सकती हूं कि वह किसी और को लेना चाहते थे, जिससे वह ज्यादा करीब हों। मैं कई कारण सोच सकती हूं, लेकिन मुझे कोई ठोस कारण नहीं बताया गया। मुझे बस इतना कहा गया कि वह मुझे फिल्म में नहीं लेना चाहता थे।' आगे अपनी बातचीत में तापसी ने कहा, ' मुझे कहा गया कि हीरो की पत्नी मुझे पसंद नहीं करती। मुझे नहीं पता कि वो मुझे क्यों पसंद नहीं करती थी। हालांकि, तापसी ने अभिनेता या उनकी पत्नी का नाम नहीं लिया। बीते दिनों अपने एक अलग इंटरव्यू में तापसी ने अपनी निर्माता और निर्देशकों के बारे में भी बात की थी। उन्होंने एक बातचीत में कहा, 'हर कोई अपने कम्फर्ट जोन में जा रहा है और आजमाए हुए तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है। उदाहरण के लिए, ग्लैमरस भूमिकाओं के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक समूह होता है जिन्हें वे कास्ट कर सकते हैं, और गंभीर मुद्दों पर आधारित फिल्मों के लिए, उनके पास पांच अभिनेत्रियों का एक और समूह होता है।

## हॉलीवुड मसाला




# मैचिंग आउटफिट में रचाई कपल ने शादी

लॉस एंजिल्स। मशहूर इतालवी सिंगर डामियानो डेविड और अमेरिकी सिंगर-अभिनेत्री डव कैमरन ने शादी कर ली है। दोनों ने इटली में भव्य अंदाज में शादी रचाई है। कपल ने 24 सितंबर को इटली के टस्कनी में मोंटाल्सिनो के ऐतिहासिक टाउन हॉल में शादी की। डव और डेविड की उम्र में तीन साल का अंतर है। डव अपने हमसफर से तीन वर्ष बड़ी हैं। 30 वर्षीय सिंगर-एक्ट्रेस डव और 27 साल के डामियानो डेविड ने शादी पर मैचिंग आउटफिट पहने। दोनों की शादी की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फोटोज में कपल का रोमांटिक अंदाज देखा जा सकता है। सितंबर 2023 में जब एक्ट्रेस ने रॉक स्टार के बैंड 'मानेस्किन' के एक कॉन्सर्ट में हिस्सा लिया। तब से उनके और डामियानो के रोमांस की अफवाहें शुरू हुईं।




# एवेंजर्स एंडगेम एनकोर: री रिलीज में जोड़े चार नए सीन

लॉस एंजिल्स। 18 दिसंबर को 'एवेंजर्स: डूम्सडे' रिलीज होने वाली है। इससे पहले मार्वल ने 'एवेंजर्स एंडगेम' को नए नाम 'एवेंजर्स एंडगेम एन्कोर' के साथ सात साल बाद री रिलीज कर दिया है। 25 सितंबर को मूवी जैसे ही सिनेमाघरों में आई, इसके साथ ही सोशल मीडिया पर फिल्म के सीन भी लीक हो गए। इन सीन्स को लेकर अब कहा जा रहा है कि इसके तार 'एवेंजर्स: डूम्सडे' से जुड़े हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' 2019 में आई ब्लॉकबस्टर 'एवेंजर्स: एंडगेम' से करीब चार मिनट लंबी है। इसमें रॉबर्ट डाउनी जूनियर के मेगा-विलेन डॉक्टर डूम, टॉम हिडलेस्टन के लोकी और मार्क रफालो के ब्रूस बैनर जैसे नए कलाकार नजर आए हैं। मार्वल ने 'डूम्सडे' के लिए हाइप बनाना इसकी रिलीज से एक साल पहले ही शुरू कर दिया था। इसके लिए पिछले साल 'अवतार: फायर एंड ऐश' के साथ चार छोटे टीजर दिखाए गए थे। पहले टीजर में पता चला कि स्टीव रोजर्स (क्रिस इवांस) और पैगी कार्टर (हेले एटवेल) के बेटों के बारे में बताया था। दूसरे में थॉर (क्रिस हेम्सवर्थ) और उनकी गोद ली हुई बेटी पर फोकस किया गया।



# अमेरिका की सैर पर निकलीं प्रकृति की गोद में दिए पोज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह यहां अपनी जिंदगी से जुड़े कई अच्छे पल साझा करती हैं। हाल ही में वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को की सैर पर निकली हैं। यहां से उन्होंने कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। तृप्ति डिमरी ने इंस्टाग्राम पर अपनी जो तस्वीरें शेयर की हैं, उनमें देखा जा सकता है कि वह प्राकृतिक वातावरण में हैं। उन्होंने जंगल में पेड़ के पास और समुद्र किनारे शानदार पोज दिए हैं। उनकी पोस्ट में प्राकृतिक वातावरण के प्रति उनका प्यार नजर आता है। अभिनेत्री की पोस्ट को कई यूजर्स ने लाइक किया है। वहीं कई यूजर्स इस पोस्ट पर कमेंट भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा 'भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्री'। एक दूसरे यूजर ने लिखा 'बहुत अच्छी पोस्ट है। दिल करता है देखता ही रहूं।' एक और यूजर ने लिखा 'आपकी कैप वाली तस्वीर सबसे अच्छी है।'



# सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होंगे सम्मानित

मुंबई। 37वें सिंगापुर फिल्म फेस्टिवल का आयोजन अक्टूबर में किया जाएगा। यह समारोह 21 अक्टूबर से 1 नवंबर तक चलेगा। फिल्म लगान ने हाल ही में अपने 25 साल पूरे किए थे। इस वजह से 37वें सिंगापुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को स्क्रीन आइकॉन अवॉर्ड मिलने जा रहा है। वैरायटी के अनुसार, इस खास मौके पर आमिर खान और फिल्म के निर्देशक आशुतोष गोवारिकर भी फेस्टिवल का हिस्सा रहेंगे। फिल्म का आगाज दक्षिण कोरियाई थ्रिलर फिल्म 'द असासिन्स' से होगा। फिल्म का निर्देशन हुर जिन-हो ने किया है और जिसमें यू हे-जिन, पार्क हे-इल और ली मिन-हो ने अभिनय किया है। इस दौरान हुर और सहायक कलाकार शिम यून-क्यंग और पार्क सुंग-हून उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेंगे। एशियाई सिनेमा में योगदान के लिए महोत्सव का सर्वोच्च पुरस्कार, जापानी फिल्म निर्माता कोरे-एडा हिरोकाजू को प्रदान करेगा।

## टीवी मसाला



# शगुन को याद करके रोने लगे अमन

नई दिल्ली। अमन गांधी रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद करते नजर आए। इस दौरान वे भावुक हुए और आंखों से आंसू छलक आए। माही विज और अरिश्फा खान समेत कई प्रतिभागियों ने उन्हें संभाला। इस दौरान अमन गांधी ये मनाने लगे कि काश जब वे बाहर जाएं तो उनकी गर्लफ्रेंड ने मूव ऑन न किया हो। चर्चित शो 'बिग बॉस 20' काफी मजेदार चल रहा है। इसमें प्रतिभागियों के बीच काफी लड़ाई-झगड़े देखे जाते हैं तो कुछ के बीच बॉन्डिंग भी अच्छी है। प्रतिभागी अपनी पर्सनल लाइफ पर भी आपस में एक-दूसरे से चर्चा करते नजर आते हैं। इस बीच अमन गांधी ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को याद किया। जियो हॉटस्टार के इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा किए गए प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमन गांधी अपने आंसू पोंछते नजर आए। इसके बाद माही ने उन्हें संभालते हुए कहा, 'अरे अरे, भाई रो रहा है। अपने प्यार को याद करके रो रहा है।' माही ने आगे कहा- 'रिश्ता लेकर जाना पड़ेगा अब तो बिग बॉस के बाद'। अमन गांधी ने कहा, 'आप एक-दूसरे से क्लोज होते हो ना यार, चाहें बेकअप हो या कुछ मर्जी'। इस पर आम्रपाली ने कहा, 'उनको भी वही फील हो रहा होगा ना'। अमन गांधी ने आगे कहा, 'अब मुझे लगता है कि क्यों वो साउथ अफ्रीका में जाकर सिर्फ मुझसे ही बातें कर रही थी। मैं उम्मीद करता हूं कि जब मैं बाहर जाऊं तो वो मूव ऑन न कर दें'। आम्रपाली और माही विज कहती नजर आईं, 'मैम मूव ऑन मत करना प्लीज। भाई रो रहा है। इंतजार करना प्लीज'। आगे आम्रपाली और अरिश्फा ने भी अमन की एक्स गर्लफ्रेंड से गुजारिश करते हुए कहा कि वे अमन के लिए इंतजार करें। अरिश्फा ने अमन गांधी को यह तसल्ली भी दी कि मुझे नहीं लगता कि वो मूव ऑन करेंगी।

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो का 5वां सीजन आज से

नई दिल्ली। 16 सितंबर को नेटफ्लिक्स ने यह ऐलान किया था कि चार सीजन हिट होने के बाद अब मेकर्स 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का 5वां सीजन लेकर आ रहे हैं, जो शनिवार यानी 26 सितंबर से शुरू होने वाला है।



ऐसे में अब शो शुरू होने से पहले मेकर्स ने इसका प्रोमो वीडियो भी जारी कर दिया है। इस बार कपिल के शो में दर्शक सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया को देख सकते हैं। वहीं, अजय देवगन भी अपनी टीम के साथ 'दृश्यम 3' को प्रमोट करने आने वाले हैं। दरअसल, प्रोमो के आखिर में देखने को मिला कि कपिल शर्मा फिल्म के डायरेक्टर अभिषेक पाठक से सवाल करते हैं, 'अभिषेक सर, अगर आप पहले पार्ट में काजोल मैम को ले लेते, तो आपको नहीं लगता कि वो पहले ही पार्ट में ही सबकुछ उगलवा लेतीं।' इसके बाद अजय ने तुरंत एक लाइन में जवाब दिया, 'पहली फिल्म ही नहीं बनती।' यह मजाक 'दृश्यम' फिल्मों की कहानी से जुड़ा है।

# डांस मस्ती में विवेक ने लगाया तड़का



मुंबई। कोरियोग्राफर्स बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाले हैं। इस जश्न में बॉलीवुड के चर्चित अभिनेता विवेक ओबेरॉय शामिल होने वाले हैं। कोरियोग्राफर्स ने इस सेलिब्रेशन का टीजर जारी किया है। इसमें अभिनेता विवेक ओबेरॉय नजर आए हैं। 'डांस मस्ती' के सेलिब्रेशन के टीजर में विवेक ओबेरॉय कहते हैं, 'ऐ गनपत। क्या देख रहा है बिड़। बोस्को सीजर का 25वां साल। मैं नहीं आऊंगा तो कौन आएगा। टपोरी लोगों को कोई रीप्रेजेंट करेगा या नहीं? अभी फटाक से ले के आ, गरम-गरम समोसा और कटिंग चाय। क्यों? क्योंकि शो चालू हुआ।' कोरियोग्राफर्स ने टीजर जारी करते हुए कैप्शन में लिखा 'कुछ कहानियां दोस्तों से नहीं छुपाई जाती हैं। अपने दोस्त विवेक के साथ हम इसे साझा कर रहे हैं। बॉस्को मार्टिस और सीजर गोंसाल्वेस का 25 साल का सेलिब्रेशन हो और विवेक ओबेरॉय एंट्री ना मारे ऐसा कैसे हो सकता है। विवेक ओबेरॉय और डांस मस्ती का टीजर जारी हो गया है। जल्द ही फुल एपिसोड जारी होगा।' बॉस्को-सीजर बॉलीवुड की एक मशहूर कोरियोग्राफर जोड़ी है। इस जोड़ी ने बॉलीवुड में वेस्टर्न हिप-हॉप और आधुनिक डांस शैलियों को लोकप्रिय बनाया है। इस जोड़ी ने 100 से ज्यादा फिल्मों में लगभग 700 से ज्यादा गानों को कोरियोग्राफ किया है। जोड़ी ने जिंदगी ना मिलेगी दोबारा, थ्री इडियट्स, वॉर और पठान जैसी फिल्मों के गानों को कोरियोग्राफ किया है।

# पर्दे पर दिखेगी 'बाबा रामदेव पीर' की कहानी

नई दिल्ली। नीब करौरी बाबा या नीम करोली बाबा पर आधारित फिल्म हनुमान अंश की सफलता के बाद अब एक और 'बाबा' की कहानी पर्दे पर दिखाई जानी है। जिस तरह नीम करोली बाबा को भगवान हनुमान का अवतार माना जाता है, उसी तरह राजस्थान के लोक देवता और संत थे जिन्हें भगवान कृष्ण का अवतार माना जाता है। यह संत हैं श्री रामदेव पीर। जिन्हें सिर्फ हिंदू ही नहीं, बल्कि मुस्लिम भी पूजते हैं।



### पहला पोस्टर आउट

अब श्री रामदेव पीर पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने इस फिल्म को लेकर जानकारी साझा की है। इस फिल्म को त्रिशा स्टूडियोज के बैनर तले तिलोक कोठारी बना रहे हैं। फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आया है जिसमें कास्ट का चेहरा रिवील नहीं किया गया है, लेकिन लुक कृष्ण जैसा है। श्री रामदेव पीर पर आधारित फिल्म का टाइटल कृष्ण अवतार श्री रामदेव पीर) है। फिलहाल, फिल्म को कौन डायरेक्ट कर रहा है, कौन मुख्य भूमिका निभा रहा है, इस बारे में कोई अपडेट शेयर नहीं की गई है। हालांकि, अनाउंस किया गया है कि फिल्म 2027 तक बड़े पर्दे पर रिलीज हो सकती है।

### कौन थे श्री रामदेव पीर ?

*बाबा रामदेव पीर को राजस्थान में लोक देवता माने जाते हैं। कहा जाता है कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता, सांप्रदायिक सौहार्द और गरीबों के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। उन्हें हिंदी बाबा रामदेव पीर मानकर पूजते हैं, जबकि मुस्लिम उन्हें रामशाह पीर के रूप में पूजते हैं। उनके नाम पर हर साल राजस्थान में मेला भी लगता है।*

## बालासुब्रमण्यम एक दौर में सलमान की बन गए थे आवाज

# पहले हिंदी गाने के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार, एक दिन में गाए 21 गाने

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

90 के दशक में कई सुपरहिट गाने देने वाले गायक एस पी बालासुब्रमण्यम ने कई श्रोताओं को अपनी आवाज पर झूमने के लिए मजबूर किया। एक दौर में वह सुपरस्टार सलमान खान की आवाज बन गए थे। कई साल तक बॉलीवुड और साउथ सिनेमा को यादगार गीत देने के बाद 25 सितंबर 2020 को बालासुब्रमण्यम दुनिया छोड़कर चले गए।

### इंजीनियरिंग छोड़ बने गायक

4 जून 1946 को जन्मे बालासुब्रमण्यम बेहतरीन गायक होने के साथ ही अभिनेता, संगीतकार और फिल्म निर्माता थे। उन्होंने हिंदी के अलावा तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में भी गाने गाए। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। हालांकि संगीत के प्रति उनके जुनून ने उन्हें प्लेबैक सिंगर बनाया, जिसके चलते उन्हें पढ़ाई छोड़नी पड़ी।

### संगीत में रखा पहला कदम

इंजीनियरिंग की पढ़ाई छूटने के बाद बालासुब्रमण्यम ने संगीत प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू किया। 15 दिसंबर 1966 को उन्होंने तेलुगु फिल्म 'श्री श्री श्री मर्यादा रामन्ना' से बतौर प्लेबैक सिंगर अपने करियर की शुरुआत की।



### बॉलीवुड में कब किया डेब्यू?

बालासुब्रमण्यम ने साल 1981 में रिलीज हुई बॉलीवुड फिल्म 'एक दूजे के लिए' से हिंदी फिल्मों में गाना शुरू किया। इसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। इसके बाद उन्होंने सलमान खान अभिनीत मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन और साजन जैसी फिल्मों के लिए शानदार गाने गाए।

### बालासुब्रमण्यम के रिकॉर्ड

सिंगर बालासुब्रमण्यम के नाम करियर में सबसे अधिक गाने रिकॉर्ड करने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज है। उनका कॅरियर पांच दशक लंबा रहा है। इस दौरान उन्होंने 16 भारतीय भाषाओं में 40000 से ज्यादा गाने रिकॉर्ड किए। एक दिन में उन्होंने कन्नड़ में 21, तमिल में 19 और हिंदी में 16 गाने रिकॉर्ड किए। उन्हें शानदार गायिकी के लिए कई भाषाओं में 6 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। सिनेमा में उत्कृष्ठ योगदान के लिए 2001 में पद्म श्री और 2011 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

### बालासुब्रमण्यम के यादगार गाने

**आजा शाम होने आई** : बालासुब्रमण्यम के जो सबसे ज्यादा मशहूर गाने हैं, उनमें फिल्म 'आजा शाम होने आई' शामिल है। गाने पर सलमान खान और भाग्यश्री ने शानदार अभिनय किया है। इसके बोल देव कोहली ने लिखे हैं।

**पहला पहला प्यार है** : आज भी जब हम यूपी, बिहार की सरकारी बसों में यात्रा करते हैं तो यह गाना सुनाई देता है। साल 1994 में रिलीज हुई फिल्म 'हम आपके हैं कौन' का यह गाना उस वक्त युवाओं की पहली पसंद बन गया था। बालासुब्रमण्यम का यह गाना सलमान खान और माधुरी दीक्षित पर फिल्माया गया था।

**बहुत प्यार करते हैं**: एसपी बालासुब्रमण्यम की आवाज में गाया गया गाना 'बहुत प्यार करते हैं' आज भी बहुत मशहूर है। गाने पर माधुरी दीक्षित, सलमान खान और संजय दत्त ने अभिनय किया था। समीर की कलम से निकले इस गाने को खूब सराहा गया है।

**दिल दीवाना**: साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म 'मैंने प्यार किया' का गाना 'दिल दीवाना' काफी मशहूर हुआ। इस गाने को बालासुब्रमण्यम और लता मंगेशकर ने आवाज दी थी। गाने पर सलमान खान और भाग्यश्री ने अभिनय किया था। इसका म्यूजिक राम लक्ष्मण ने तैयार किया था।

**मेरे रंग में रंगने वाली**: सलमान खान के सबसे मशहूर गानों में यह गाना शामिल है। आज भी यह गाना लोगों के जुबान पर आ जाता है। सलमान खान और भाग्यश्री ने इस पर शानदार डांस किया था। बालासुब्रमण्यम की आवाज वाले इस गाने में राम लक्ष्मण ने म्यूजिक देकर चार चांद लगा दिए थे।

**देखा है पहली बार**: सलमान खान, संजय दत्त और माधुरी दीक्षित की अदाकारी वाली फिल्म 'साजन' (1991) का यह गाना खूब चर्चा में रहा था। उस वक्त के नौजवानों ने इसे खूब पसंद किया था। इसे बालासुब्रमण्यम और अल्का यागनिक ने आवाज दी थी।

# आज की छोटी सी बचत ही कल की बड़ी पूंजी

## पोर्टफोलियो में विविधीकरण से मजबूत हो सकती है वित्तीय योजना

- बड़ा फंड बनाने के लिए सिर्फ ज्यादा पैसा नहीं, सही समय और नियमित निवेश जरूरी
- निवेश को लंबा समय दें, लक्ष्य के अनुसार वित्तीय योजना से रणनीति तैयार करें

**निवेश मंत्रा**

बड़े वित्तीय लक्ष्य एक-दो साल में पूरे नहीं होते। इनके लिए कम उम्र से योजना बनाकर नियमित निवेश करना और उसे लंबे समय तक जारी रखना जरूरी है। छोटी रकम से शुरू किया गया निवेश भी पर्याप्त समय मिलने पर बड़ा फंड तैयार करने में मदद कर सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण चक्रवृद्धि का प्रभाव है, जिसमें निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आगे चलकर अतिरिक्त रिटर्न कमाने का आधार बनता है। वित्तीय योजना बनाते समय सबसे पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस उद्देश्य के लिए कितनी रकम और कितने समय बाद चाहिए। घर खरीदने, बच्चों की उच्च शिक्षा, कारोबार शुरू करने या रिटायरमेंट जैसे लक्ष्यों के लिए अलग-अलग रणनीति बनाई जा सकती है। एक ही निवेश विकल्प में पूरी रकम लगाने के बजाय जोखिम और जरूरत के हिसाब से पोर्टफोलियो में विविधता रखना भी महत्वपूर्ण है।



*रिटायरमेंट आमतौर पर सबसे लंबे वित्तीय लक्ष्यों में शामिल होता है। यदि इसकी तैयारी नौकरी के शुरुआती वर्षों में शुरू कर दी जाए तो लंबे समय का फायदा मिलता है। यहां भी सिर्फ आज के खर्च को आधार बनाना पर्याप्त नहीं है। भविष्य की महंगाई और रिटायरमेंट के बाद कितने वर्षों तक रकम की जरूरत होगी, इसका अनुमान लगाना चाहिए।*

### 6000 रुपये महीने से समझें लंबी अवधि का असर

मान लीजिए कोई व्यक्ति हर महीने 6,000 रुपये की एसआईपी शुरू करता है और इसे 25 वर्षों तक जारी रखता है। यदि औसतन 12 प्रतिशत सालाना रिटर्न की सिर्फ गणना के लिए धारणा ली जाए, तो 25 साल में फंड करीब 1.13 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इसी उदाहरण में पांच साल बाद निवेश का अनुमानित मूल्य करीब 4.95 लाख रुपये, 10 साल बाद 13.86 लाख रुपये, 15 साल बाद 30.27 लाख रुपये और 20 साल बाद लगभग 60 लाख रुपये बताया गया है। यहां सबसे महत्वपूर्ण बात रकम से ज्यादा समय है। लंबे समय तक निवेश जारी रहने पर चक्रवृद्धि का प्रभाव बढ़ता जाता है। हालांकि, 12 प्रतिशत रिटर्न केवल उदाहरण के लिए लिया गया है। बाजार आधारित निवेश में रिटर्न निश्चित नहीं होता और वास्तविक रकम बाजार के प्रदर्शन के अनुसार अलग हो सकती है।

### लक्ष्य की तारीख तय किए बिना न बनाएं निवेश योजना

निवेश शुरू करने से पहले यह तय करना जरूरी है कि रकम की आवश्यकता कब पड़ेगी। निकट भविष्य में इस्तेमाल होने वाले पैसे और 20-25 साल बाद चाहिए रकम के लिए एक जैसी रणनीति नहीं अपनाई जानी चाहिए। दो-तीन साल में किसी लक्ष्य के लिए पैसा चाहिए तो निवेश में जोखिम का स्तर सीमित रखना जरूरी हो सकता है। दूसरी तरफ लंबी अवधि के लक्ष्यों में निवेशक अपनी जोखिम क्षमता के अनुसार बाजार से जुड़े विकल्पों पर विचार कर सकता है। निवेश की शुरुआत केवल रिटर्न की तलाश से नहीं होनी चाहिए। परिवार की आकस्मिक जरूरतों के लिए अलग रकम रखना भी वित्तीय योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नौकरी में बदलाव, अचानक बड़ा खर्च या अन्य आपात स्थिति में यह फंड आर्थिक दबाव कम कर सकता है।

### 10 साल में बनाया जा सकता है बड़ा लक्ष्य

नौकरी या कारोबार शुरू करने के शुरुआती वर्षों में आय भले ही सीमित हो, लेकिन इसी समय नियमित निवेश की आदत विकसित करना फायदेमंद हो सकता है। शुरुआत छोटी **SIP** से की जा सकती है और आय बढ़ने के साथ निवेश की रकम भी बढ़ाई जा सकती है। 10 साल बाद घर की डाउन पेमेंट, उच्च शिक्षा या अन्य बड़े खर्च के लिए रकम जुटानी है तो आज से ही अनुमान लगाना चाहिए कि भविष्य में कितने पैसे की जरूरत होगी।

### 20 साल में बढ़ाया जा सकता है निवेश

लंबी नौकरी अवधि में आमतौर पर आय में बदलाव की संभावना रहती है। वेतन बढ़ने या अतिरिक्त आय होने पर निवेश को भी उसी अनुपात में बढ़ाने की कोशिश की जा सकती है। इसे नियमित एसआईपी साथ अतिरिक्त निवेश के जरिए भी किया जा सकता है। लंबी अवधि में बाजार में तेजी और गिरावट दोनों देखने को मिल सकती हैं। इसलिए निवेशक को केवल थोड़े समय के उतार-चढ़ाव को देखकर अपना लंबी अवधि का लक्ष्य बदलने से बचना चाहिए।

### पूरा पैसा एक जगह लगाने से बचें

निवेश पोर्टफोलियो में अलग-अलग परिसंपत्ति वर्गों का संतुलन जोखिम को समझने में मदद करता है। दिए गए उदाहरण में इक्विटी, डेट और गोल्ड जैसे विकल्पों का मिश्रण दिखाया गया है। लेकिन हर व्यक्ति के लिए इनका अनुपात समान नहीं हो सकता। निवेश का वितरण व्यक्ति की उम्र, आय, वित्तीय लक्ष्य, समयावधि और जोखिम सहने की क्षमता के आधार पर तय होना चाहिए। लक्ष्य करीब आने पर जोखिम वाले निवेश का अनुपात कम करने की जरूरत भी पड़ सकती है। लंबी अवधि का निवेश करने के बाद समय-समय पर यह देखना चाहिए कि निवेश लक्ष्य के मुताबिक आगे बढ़ रहा है या नहीं।

### निवेश के 6 जरूरी मंत्र

- जल्दी शुरुआत करें : कम उम्र में निवेश शुरू करने से लंबी अवधि का फायदा मिलेगा।
- लक्ष्य तय करें : घर, शिक्षा, रिटायरमेंट जैसे हर लक्ष्य के लिए समयावधि तय करें।
- एसआईपी को नियमित रखें : छोटी रकम से शुरुआत करके आय बढ़ने के साथ निवेश बढ़ाया जा सकता है।
- चक्रवृद्धि का लाभ लें : लंबे समय तक निवेश रहने पर रिटर्न पर भी रिटर्न मिलने का असर बढ़ता है।
- पोर्टफोलियो में विविधता रखें : इक्विटी, डेट, गोल्ड आदि में जोखिम क्षमता के अनुसार संतुलन बनाया जा सकता है।
- समय-समय पर समीक्षा करें : आय, उम्र, लक्ष्य और जोखिम क्षमता बदलने पर निवेश योजना में भी बदलाव करें।

### निवेश से पहले जरूर देखें

- कितने समय के लिए पैसा लगाना है?
- लक्ष्य के लिए कितनी रकम चाहिए?
- जोखिम उठाने की क्षमता कितनी है?
- आपातकालीन फंड तैयार है या नहीं?
- निवेश की समय-समय पर समीक्षा हो रही है?



# महिलाओं और छोटे शहरों ने बदला म्यूचुअल फंड का ट्रेंड

- बी-30 शहरों के म्यूचुअल फंड निवेश में इक्विटी की हिस्सेदारी 65.9%
- महिलाओं के पोर्टफोलियो में भी 5 साल में 40% से बढ़कर 65% हुआ हिस्सा

**समझदारी**

भारत में म्यूचुअल फंड निवेश का नक्शा तेजी से बदल रहा है। कभी इक्विटी म्यूचुअल फंड को बड़े शहरों और शेयर बाजार की अच्छी समझ रखने वाले निवेशकों का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। महिलाएं और छोटे शहरों-कस्बों के निवेशक तेजी से इक्विटी म्यूचुअल फंड की ओर बढ़ रहे हैं। इससे न केवल म्यूचुअल फंड उद्योग का आकार बढ़ रहा है, बल्कि देश में निवेश की आदतों में भी बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, महिला निवेशकों के म्यूचुअल फंड पोर्टफोलियो में इक्विटी की हिस्सेदारी मार्च 2020 में करीब 40% थी, जो मार्च 2025 में बढ़कर 65% हो गई। यानी पांच साल में महिलाओं के पोर्टफोलियो में इक्विटी का हिस्सा 25 प्रतिशत अंक बढ़ा। इसी अवधि में पूरे म्यूचुअल फंड उद्योग के एयूएम में इक्विटी की हिस्सेदारी 27% से बढ़कर 45% हुई। इसका मतलब यह नहीं है कि हर महिला निवेशक अब आक्रामक तरीके से शेयर बाजार में पैसा लगा रही है। इसका बड़ा संकेत यह है कि महिला निवेशकों के बीच इक्विटी को लंबे समय के निवेश के एक विकल्प के तौर पर स्वीकार्यता बढ़ी है। यह बदलाव वित्तीय निर्णयों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की ओर भी इशारा करता है।

### छोटे शहरों में इक्विटी का बढ़ता भरोसा

निवेश के इस बदलते ट्रेंड का दूसरा बड़ा पहलू बी-30 यानी टॉप-30 शहरों के बाहर के शहरों और कस्बों से जुड़ा है। जुलाई 2026 तक **B**30 लोकेशंस के म्यूचुअल फंड एयूएम में इक्विटी-ओरिएंटेड स्कीम्स की हिस्सेदारी 65.9% रही। इसके मुकाबले टी-30 यानी बड़े शहरों में यह हिस्सा 39.8% था। यह आंकड़ा खासा महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है कि छोटे शहरों में म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच इक्विटी आधारित योजनाओं की पैठ बढ़ी है। हालांकि कुल म्यूचुअल फंड एयूएम में टी-30 शहरों का योगदान अभी भी बड़ा है, लेकिन बी-30 में इक्विटी की ऊंची हिस्सेदारी बताती है कि म्यूचुअल फंड उद्योग का विस्तार अब महानगरों से आगे निकल रहा है। डिजिटल निवेश प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन केवाईसी, मोबाइल आधारित निवेश और एसआईपी जैसे आसान विकल्पों ने छोटे शहरों के निवेशकों के लिए म्यूचुअल फंड तक पहुंच आसान की है। पहले निवेश के लिए बैंक शाखा या वित्तीय सलाहकार पर निर्भरता ज्यादा थी।

### एसआईपी ने बदली निवेश की आदत

म्यूचुअल फंड में बढ़ती भागीदारी के पीछे एसआईपी की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। नियमित छोटी रकम से निवेश शुरू करने की सुविधा ने इक्विटी को उन लोगों के लिए भी सुलभ बनाया है, जो एकमुश्त बड़ी रकम निवेश नहीं कर सकते। लेकिन एसआईपी का मतलब यह नहीं कि नुकसान का जोखिम खत्म हो जाता है। एसआईपी केवल निवेश करने का तरीका है। जिस फंड या परिसंपत्ति में पैसा लगाया गया है, उसके प्रदर्शन के अनुसार निवेश का मूल्य ऊपर-नीचे हो सकता है।

### पांच साल में तीन गुना से ज्यादा हुआ इक्विटी एयूएम

इक्विटी म्यूचुअल फंड की बढ़ती स्वीकार्यता का असर उसके कुल एयूएम में भी दिखाई देता है। अगस्त 2021 से अगस्त 2026 के बीच इक्विटी म्यूचुअल फंड का एयूएम 12.3 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 39.2 लाख करोड़ रुपये हो गया। यानी पांच साल में यह तीन गुना से ज्यादा बढ़ा। इसी अवधि में इक्विटी फोलियो की संख्या भी 7.3 करोड़ से बढ़कर 18.9 करोड़ हो गई। यहां एयूएम और फोलियो के अंतर को समझना जरूरी है। एयूएम बताता है कि कुल कितनी रकम प्रबंधित हो रही है, जबकि फोलियो निवेश खातों की संख्या को दर्शाता है। फोलियो में बढ़ोतरी यह बताती है कि निवेशकों का आधार भी व्यापक हुआ है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि बाजार में गिरावट के दौरान भी फोलियो बढ़ते रहे। दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच इक्विटी एयूएम 30.6 लाख करोड़ से घटकर 27.4 लाख करोड़ रुपये हुआ, लेकिन इक्विटी फोलियो 15.7 करोड़ से बढ़कर 16.2 करोड़ हो गए।

### रिटर्न देखकर निवेश का फैसला न करें

इक्विटी म्यूचुअल फंड में बढ़ती भागीदारी उत्साहजनक आंकड़ा हो सकती है, लेकिन निवेशकों के लिए इसका अर्थ यह नहीं है कि इक्विटी में पैसा लगाना हर व्यक्ति के लिए उपयुक्त है। इक्विटी में बाजार जोखिम होता है और रिटर्न निश्चित नहीं होता। 31 अगस्त 2026 तक पांच साल की अवधि में निफ्टी 50 टीआरआई का सीएजीआर 8.32% रहा, जबकि इक्विटी फंड कैटेगरी का औसत रिटर्न 12.84% रहा। लेकिन यह पिछले प्रदर्शन का आंकड़ा है, भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं।

### एयूएम गिरा, फिर भी निवेशक जुड़े रहे

फरवरी से मार्च 2026 के बीच भी इक्विटी एयूएम 35.4 लाख करोड़ से घटकर 32 लाख करोड़ रुपये हुआ, लेकिन फोलियो में बढ़ोतरी जारी रही। इसका एक कारण यह भी है कि बाजार में गिरावट आने पर एयूएम शेयरों और अन्य इक्विटी परिसंपत्तियों के बाजार मूल्य में कमी से घट सकता है। इसका अर्थ यह जरूरी नहीं कि उतनी ही मात्रा में निवेशकों ने पैसा निकाल लिया हो। यही अंतर नए निवेशकों को समझना चाहिए। म्यूचुअल फंड का एयूएम बढ़ना हमेशा केवल नए पैसे आने का परिणाम नहीं होता और एयूएम घटना हमेशा बड़े पैमाने पर निकासी का संकेत नहीं होता। बाजार की चाल भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# एसआईपी में बढ़ता पैसा, स्मॉल कैप में तेजी निवेशकों के लिए खतरे की घंटी या अवसर?

- अगस्त में एसआईपी निवेश पहली बार 32 हजार करोड़ के पार
- स्मॉल कैप फंडों में 7,973 करोड़ रुपये पहुंचे
- निवेश बढ़ाने के बजाय लक्ष्य और जोखिम क्षमता के हिसाब से पोर्टफोलियो तय करें
- एसआईपी बंद न करें, लेकिन आंख मूंदकर पैसा बढ़ाना भी समझदारी नहीं

**सावधानी**

भारतीय निवेश बाजार में एसआईपी पर भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। अगस्त 2026 में निवेशकों ने म्यूचुअल फंडों में एसआईपी के जरिए रिकॉर्ड 32,297 करोड़ रुपये लगाए। साथ ही योगदान करने वाले एसआईपी खातों की संख्या भी 10 करोड़ के पार पहुंच गई। दूसरी ओर, स्मॉल कैप फंडों में अगस्त के दौरान 7,973 करोड़ का निवेश आया। मिडकैप फंडों में भी करीब 6,989 करोड़ रुपये का प्रवाह रहा। यानी निवेशकों की दिलचस्पी ज्यादा जोखिम वाली इक्विटी श्रेणियों में भी बनी हुई है। यह आंकड़ा देखकर पहला सवाल स्वाभाविक है। क्या स्मॉल कैप में इतनी तेजी और निवेश का बढ़ता प्रवाह बाजार में जरूरत से ज्यादा उत्साह का संकेत है? इसका सीधा जवाब हां या नहीं में देना सही नहीं होगा। रिकॉर्ड एसआईपी निवेश को अपने-आप में खतरे की घंटी नहीं माना जा सकता। एसआईपी निवेश का मतलब यह भी है कि लोग नियमित रूप से बाजार में पैसा लगा रहे हैं और बाजार के उतार-चढ़ाव को समय के साथ औसत करने की कोशिश कर रहे हैं। एएमएफआई भी एसआईपी को नियमित और अनुशासित निवेश की पद्धति बताता है।

### सवाल स्मॉल कैप नहीं, सही अनुपात

स्मॉल कैप कंपनियां बाजार पूंजीकरण के लिहाज से छोटी कंपनियां होती हैं। इनमें भविष्य में तेजी से बढ़ने की क्षमता हो सकती है, लेकिन इनके शेयरों में उतार-चढ़ाव भी बड़े हो सकते हैं। इसलिए स्मॉल कैप फंड में निवेश का सवाल केवल यह नहीं है कि अभी इसमें पैसा जा रहा है या नहीं। सवाल यह है कि निवेशक के पूरे पोर्टफोलियो में इसका




हिस्सा कितना है। मान लीजिए कोई व्यक्ति हर महीने 10,000 रुपये की एसआईपी करता है। यदि वह पूरी रकम केवल स्मॉल कैप फंड में लगा देता है, तो उसका पोर्टफोलियो बाजार की तेज गिरावट के समय ज्यादा उतार-चढ़ाव देख सकता है। इसके विपरीत, वही निवेशक अपने लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम क्षमता के अनुसार लार्ज कैप, फ्लैक्सी कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, या हाइब्रिड श्रेणियों का संतुलन बनाता है तो जोखिम को अलग तरीके से संभाला जा सकता है।

### एसआईपी का रिकॉर्ड निवेशकों को क्या बताता है?

अगस्त में एसआईपी योगदान 32,297 करोड़ रुपये रहा, जो अब तक का रिकॉर्ड है। जुलाई में यह 31,961 करोड़ रुपये और जून में 31,781 करोड़ था। यानी लगातार तीन महीनों से एसआईपी प्रवाह 31 हजार करोड़ से ऊपर रहा। अगस्त तक वित्त वर्ष 2026-27 में एसआईपी के जरिए 1.58 लाख करोड़ से ज्यादा जमा हो चुके थे। आंकड़े बताते हैं कि निवेशकों का एक बड़ा वर्ग बाजार की रोजाना चाल के बजाय नियमित निवेश पर भरोसा कर रहा है। लेकिन यहां भी सावधानी जरूरी है। एसआईपी बाजार में नुकसान से सुरक्षा की गारंटी नहीं देता। जिस फंड में एसआईपी चल रही है उसका मूल्य गिरता है, तो निवेशक के निवेश का मूल्य भी घट सकता है। लंबे समय में नियमित निवेश का फायदा बाजार के अलग-अलग स्तरों पर यूनिट खरीदने से हो सकता है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त समय और अनुशासन जरूरी है।

### तेजी देखकर एसआईपी बढ़ाना जरूरी नहीं

स्मॉल कैप फंडों में लगातार पैसा आने से कई निवेशकों को यह लग सकता है कि अभी ज्यादा रकम लगाने का सही समय है। यही वह जगह है जहां निवेशक को सावधान होना चाहिए। पिछला प्रदर्शन भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं है। अगर किसी श्रेणी ने कुछ समय में अच्छा प्रदर्शन किया है तो केवल उसी आधार पर उसमें निवेश का हिस्सा बढ़ाना जरूरी नहीं। निवेश का फैसला लक्ष्य और जोखिम क्षमता के आधार पर होना चाहिए। अगर किसी निवेशक का लक्ष्य 15-20 साल दूर है और वह बाजार में बड़ी गिरावट सहने की क्षमता रखता है तो उसके लिए इक्विटी में ज्यादा हिस्सा अलग हो सकता है। लेकिन कुछ साल में घर, बच्चों की पढ़ाई या किसी अन्य बड़े खर्च के लिए पैसा चाहिए तो अत्यधिक अस्थिर श्रेणी में बड़ा निवेश जोखिम बढ़ा सकता है।

### नए निवेशक सबसे बड़ी गलती कहां करते हैं?

तेजी के समय निवेशक अक्सर रिटर्न देखकर फंड चुनते हैं। किसी स्मॉल कैप फंड ने पिछले कुछ वर्षों में अच्छा प्रदर्शन किया तो उसमें एसआईपी शुरू कर दी। फिर बाजार गिरने पर घबराकर एसआईपी बंद कर दी। इससे एसआईपी की मूल भावना ही कमजोर हो जाती है। दूसरी गलती है एक ही श्रेणी के कई फंड खरीद लेना। पांच अलग-अलग स्मॉल कैप फंड रखने का मतलब जरूरी नहीं कि पोर्टफोलियो ज्यादा विविध हो गया। कई फंडों के पोर्टफोलियो में समान कंपनियां हो सकती हैं। तीसरी गलती है बाजार की तेजी में एसआईपी की रकम अचानक बहुत ज्यादा बढ़ा देना। एसआईपी की रकम बढ़ाने का फैसला आमदनी, वित्तीय लक्ष्य और जोखिम क्षमता में बदलाव के आधार पर होना चाहिए, केवल बाजार की तेजी देखकर नहीं।

### निवेशक क्या करें?

- **पहला** : एसआईपी बंद न करें, लेकिन उसकी समीक्षा जरूर करें। अगर निवेश लंबी अवधि के लक्ष्य के लिए है और फंड तथा जोखिम स्तर उपयुक्त हैं तो केवल बाजार की चाल देखकर एसआईपी रोकना जरूरी नहीं।
- **दूसरा** : स्मॉल कैप का हिस्सा जांचें। पूरे पोर्टफोलियो में स्मॉल कैप कितना है, यह देखें। जरूरत से ज्यादा हो गया है तो नए निवेश को दूसरी श्रेणियों में मोड़ने पर विचार किया जा सकता है।
- **तीसरा** : लक्ष्य के हिसाब से निवेश करें। रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा, घर या आपातकालीन जरूरत हर लक्ष्य की समयावधि अलग है। उसी हिसाब से जोखिम लेना चाहिए।
- **चौथा** : आपातकालीन फंड अलग रखें। शेयर बाजार या इक्विटी म्यूचुअल फंड को अचानक आने वाले खर्च के लिए इस्तेमाल करने की योजना नहीं बनानी चाहिए।
- **पांचवां** : बाजार को समय देने के बजाय समय को बाजार में दें। लंबी अवधि के निवेश में अनुशासन महत्वपूर्ण है। बाजार कब ऊपर जाएगा या कब नीचे आएगा, इसकी भविष्यवाणी करने के बजाय निवेश की अवधि और परिसंपत्ति-वितरण पर ध्यान देना ज्यादा व्यावहारिक है।

### रिकॉर्ड एसआईपी खतरा नहीं, चेतावनी जरूर है

रिकॉर्ड एसआईपी निवेश को बाजार में बुलबुले का प्रमाण मानना जल्दबाजी होगी। भारत में म्यूचुअल फंड उद्योग का विस्तार भी हुआ है और निवेशकों की संख्या बढ़ी है। अगस्त 2026 के अंत में पूरे म्यूचुअल फंड उद्योग का एयूएम करीब 87.08 लाख रुपये करोड़ था। लेकिन रिकॉर्ड प्रवाह निवेशकों के लिए एक दूसरी तरह की याद दिलाता है। निवेश बढ़ रहा है तो वित्तीय समझ भी उसी गति से बढ़नी चाहिए। स्मॉल कैप में पैसा बढ़ रहा है, एसआईपी रिकॉर्ड बना रही है और नए निवेशक बाजार से जुड़ रहे हैं। ऐसे समय में सही सवाल यह नहीं होना चाहिए कि "कितना ज्यादा रिटर्न मिलेगा?", बल्कि यह होना चाहिए कि "मेरे लक्ष्य के लिए कितना जोखिम उचित है?"

# पुराना कर्ज चुकाने के लिए नया लोन लेने की आदत खतरनाक




- ऐसा करना कई बार बन जाता है कर्ज का बोझ बढ़ाने की शुरुआत
- कम होती बचत, बढ़ते ब्याज और डिफॉल्ट के जोखिम का खतरा

**अलर्ट**

महीने की शुरुआत में सैलरी आती है और कुछ ही दिनों में उसका बड़ा हिस्सा ईएमआई में चला जाता है। फिर महीने के अंत में किसी जरूरी खर्च के लिए पैसे कम पड़ते हैं। ऐसे में क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन या किसी डिजिटल लोन एप से रकम लेकर पुरानी ईएमआई चुका देना आसान रास्ता लगता है। समस्या तब शुरू होती है, जब यह तरीका एक बार की मजबूरी से निकलकर हर महीने की आदत बन जाता है। एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेना व्यक्ति को कर्ज से बाहर नहीं निकालता, बल्कि कई मामलों में उसे और गहरे कर्ज में धकेल सकता है। पुरानी ईएमआई चुकाने के लिए नया लोन लेने पर तत्काल भुगतान तो हो जाता है, लेकिन नई देनदारी भी जुड़ जाती है। अगले महीने पुरानी ईएमआई के साथ नए लोन की ईएमआई या क्रेडिट कार्ड का भुगतान भी करना पड़ता है।

### एक से कई ईएमआई तक पहुंचता है मामला

इसे आसान उदाहरण से समझें। किसी व्यक्ति की मासिक आय 50 हजार रुपये है और उसकी मौजूदा ईएमआई 15 हजार रुपये है। महीने के जरूरी खर्चों के बाद उसके पास बहुत कम रकम बचती है। किसी महीने अचानक 8-10 हजार रुपये की जरूरत पड़ गई और उसने क्रेडिट कार्ड या नया पर्सनल लोन लेकर पुरानी ईएमआई भर दी। उस महीने समस्या टल गई, लेकिन अगले महीने उसकी स्थिति पहले से खराब हो गई। अब उसे पुरानी ईएमआई के साथ नए कर्ज की किस्त भी चुकानी है। यदि फिर पैसे कम पड़े और उसने तीसरी जगह से कर्ज ले लिया तो देनदारी का यह सिलसिला चलता रहता है। यही स्थिति धीरे-धीरे डेट ट्रैप का रूप ले सकती है। जहां व्यक्ति की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज की किस्तें चुकाने में चला जाता है और रोजमर्रा के खर्च के लिए उसे फिर उधार लेना पड़ता है।




### असली खतरा ब्याज के साथ बढ़ता बोझ है

नया लोन लेने में सिर्फ मूल रकम नहीं चुकानी होती। उसके साथ ब्याज और कई मामलों में अन्य शुल्क भी जुड़े होते हैं। खासकर क्रेडिट कार्ड के बकाया को लंबे समय तक चुकाने पर लागत काफी बढ़ सकती है। यानी 10 हजार रुपये की कमी पूरी करने के लिए लिया गया कर्ज केवल 10 हजार रुपये की देनदारी नहीं रहता। ब्याज और शुल्क के कारण भविष्य में भुगतान इससे ज्यादा हो सकता है।

### परिवार के बजट पर असर

ईएमआई बढ़ने का सीधा असर मासिक बजट पर पड़ता है। किराना, बिजली-पानी, बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, यात्रा और दूसरे जरूरी खर्चों के लिए उपलब्ध रकम कम होने लगती है। इसके बाद बचत प्रभावित होती है। पहले व्यक्ति निवेश के लिए पैसा निकालना बंद करता है, फिर आपातकालीन फंड का इस्तेमाल कर सकता है और अंततः छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी क्रेडिट कार्ड या लोन का सहारा लेना शुरू कर सकता है।

### बचत और निवेश भी रुक जाते हैं

मान लीजिए किसी व्यक्ति को हर महीने 5 हजार रुपये एसआईपी में निवेश करने थे। लेकिन लगातार बढ़ती ईएमआई के कारण वह एसआईपी बंद कर देता है। दूसरी तरफ, कर्ज पर ब्याज का भुगतान जारी रहता है। लंबी अवधि में इसका असर बड़ा हो सकता है। निवेश बंद होने से भविष्य के लक्ष्य प्रभावित होते हैं और कर्ज की लागत अलग से बढ़ती रहती है। इसलिए किसी व्यक्ति की वित्तीय स्थिति को केवल यह देखकर नहीं समझा जा सकता कि उसकी सैलरी कितनी है। यह भी देखना जरूरी है कि सैलरी का कितना हिस्सा कर्ज चुकाने में जा रहा है।

### अतिरिक्त आय न समझें

क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल सुविधा के लिए किया जा सकता है, लेकिन इसकी लिमिट को अपनी अतिरिक्त आय समझना बड़ी गलती हो सकती है। अगर हर महीने पूरा बिल चुकाने के बजाय लगातार बकाया आगे बढ़ाया जा रहा है तो व्यक्ति अपनी भविष्य की आय पहले ही खर्च कर रहा है।

### कैसे पहचानें कि आप डेट ट्रैप की ओर बढ़ रहे हैं?

- पहला, महीने की ईएमआई चुकाने के लिए बार-बार नया कर्ज लेना।
- दूसरा, क्रेडिट कार्ड का पूरा बिल चुकाने के बजाय लगातार न्यू. भुगतान करना।
- तीसरा, सैलरी आने के कुछ दिनों में ही बैंक खाते में बहुत कम रकम बचना।
- चौथा, बचत और निवेश लगातार बंद करना ताकि ईएमआई चुकाई जा सके।
- 5वां, एक साथ कई लोन की ईएमआई चलना और हर माह किस्त की चिंता रहना।

### डेट ट्रैप से निकलने का पहला कदम क्या हो?

सबसे पहले नए कर्ज से समस्या को ढकना बंद करना जरूरी है। इसके बाद सभी कर्ज की सूची बनाएं। कितना मूलधन बाकी है, ब्याज दर कितनी है, ईएमआई कितनी है और कितने महीने बाकी हैं। इसके बाद गैर-जरूरी खर्चों को अस्थायी रूप से कम करके उपलब्ध रकम का इस्तेमाल महंगे कर्ज को कम करने में किया जा सकता है। यदि कई कर्ज हैं तो उनकी ब्याज दर और शर्तों की तुलना करके पुनर्गठन या उचित समेकन के विकल्पों पर बैंक या योग्य वित्तीय सलाहकार से बात की जा सकती है।

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के श्रीरामपुर में रैली से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ा

# रैली के पहले हो गया बवाल, कुणाल घोष की कार पर फेंके गए अंडे और ममता के खिलाफ लहराए गए काले झंडे, भाजपा पर 'तमतमाईं' पूर्व सीएम



उत्तरपाड़ा इलाके की बताई जा रही यह घटना

एजेंसी ▶▶ हुगली

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के श्रीरामपुर में पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बेनर्जी की रैली से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ गया। शनिवार को रैली में शामिल होने जा रहे टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर अंडे फेंके जाने की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि घटना उत्तरपाड़ा इलाके में हुई। यहां लोगों ने पूर्व सीएम ममता के खिलाफ काले झंडे दिखाए और नारे लगाए।

भाजपा के हाथ होने का आरोप लगाया



## कार को रोका गया और उस पर अंडे फेंके गए शिकायत करेंगे: कुणाल

कुणाल घोष ने घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया कि उनकी कार को रोका गया और उस पर अंडे फेंके गए। उन्होंने कहा कि मौके पर पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थे। घोष ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। टीएमसी नेताओं ने घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है।

ममता ने भी सरकार पर लगाए आरोप

## टीएमसी कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोका जा रहा, मारपीट की जा रही

पूर्व मुख्यमंत्री ममता ने कुणाल पर कथित हमले पर लोगों से बंगाल में शांति बनाए रखने और परेशानी खड़ी नहीं करने की अपील की। ममता ने कहा कि कोर्ट के आदेश के अनुसार श्रीरामपुर में शनिवार को सभा हो रही है, लेकिन टीएमसी कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोका जा रहा है और उनके साथ मारपीट की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमला किया।



### पुलिस ने 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया

रैली से एक दिन पहले टीएमसी ने दावा किया था कि पुलिस ने जिले में पार्टी के 150 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इनमें महिलाएं भी है। टीएमसी सांसद कल्याण बेनर्जी ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। वहीं, पुलिस ने दो टीएमसी कार्यकर्ताओं को कथित जबरन वसूली के मामलों में गिरफ्तार किया था। टीएमसी नेताओं ने पुलिस पर रैली में बाधा डालने का आरोप लगाया।

---

## खबर संक्षेप

### कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद को धमकी

**संभल।** कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने शनिवार को दावा किया कि खालिस्तानी



संगठन बब्बर खालसा के सरगना कुलवीर सिंह सिद्धू ने उन्हें आडियो संदेश भेजकर जान से मारने की धमकी दी है। उन्हें कुछ दिनों से अंतरराष्ट्रीय नंबर से फोन आ रहा था। उन्हें पंजाबी भाषा में एक ऑडियो संदेश में यह धमकी दी गई।

### राम दान की लूट: अविनाश ने की 85 बार चोरी

**अयोध्या।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी में एक और खुलासा हुआ है। चार्जशीट में आरोपी अविनाश



शुक्ला फुटेज में 85 बार रकम चोरी करते दिखाई दिया है। चार्जशीट में 25 से 30 जुलाई के फुटेज में भी चोरी का उल्लेख किया गया है। अनुकल्प मिश्रा के मोबाइल से अविनाश और लवकुश के साथ रकम पर टेक्स्ट संदेश मिले।

### भारत 10% की आर्थिक वृद्धि दर हासिल करेगा

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को भरोसा जताया कि भारत 10 प्रतिशत से



अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर सकता है। उन्होंने सभी क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी और नवाचार को बड़े पैमाने पर अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। आईआईटी मद्रास पूर्व छात्र संघ की परिचर्चा में उन्होंने यह बात कही।

### गुवाहाटी के होमस्टे में मिली छात्रा की लाश

**गुवाहाटी।** यूनिवर्सिटी की छात्रा निमिषा ठाकुरिया शनिवार सुबह गुवाहाटी के अजारा इलाके में एक



होमस्टे में बेहोश पाई गई थी, बाद में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने धारापुर के पास हाइवे-17 को जाम कर दिया और मौत की परिस्थितियों की गहन जांच की मांग की।

---

ज्ञानेश के खिलाफ मोर्चाबंदी की तैयारी कर रहा संपूर्ण विपक्ष

ममता से माकपा की नेता ने की बात

# 30 सितंबर को इंडिया गुट करेगा बैठक और इसमें 2 धुर विरोधी दल होंगे साथ

## एसआईआर को लेकर उठ रहे सवालों के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के इंडिया गुट में शामिल कई पार्टियां 30 सितंबर को नई दिल्ली में बैठक कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि बैठक में चुनाव आयोग और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उठ रहे सवालों के साथ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। यह प्रस्तावित बैठक एसआईआर प्रक्रिया के कुछ पहलुओं को लेकर चुनाव आयोग के भीतर मतभेद की खबरों के बाद विपक्षी दलों के बीच बढ़े समन्वय के बीच होने जा रही है। ये एक-दूसरे के संपर्क में हैं और संयुक्त प्रतिक्रियापर चर्चा कर रहे हैं। माकपा, भाकपा और भाकपा माले लिबरेशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और एसआईआर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। कांग्रेस ने भी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपना हमला तेज किया है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 29 सितंबर को होने वाली है।

**खास बातें**

- नई दिल्ली में हो सकती है बैठक
- एसआईआर पर सवाल उठा रहे
- चुनाव आयोग निशाने पर



## सरकार जेन-जी से डरी, सीईसी ने युवा पंजीकरण रोका

**हरिभूमि ब्यूरो (नई दिल्ली)।** कांग्रेस ने चुनाव



आयोग द्वारा 2 वर्षों से नए युवा मतदाताओं का पंजीकरण रोके रखने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार जेन-जी से डरी हुई है, इसीलिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसएसआर (स्पेशल समरी रिवीजन) जैसी वैधानिक प्रक्रियाओं को ठप करने का काम किया। इस मामले में सच्चाई सामने आने के बाद अब चुनाव आयोग अपनी इज्जत बचाने आनन-फानन में युवा पंजीकरण शिविर लगाने के नाम पर लीपापोती कर रहा है। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक बसोया ने फॉर्म-6 में अनधिकृत बदलाव के जरिए पहली बार मतदाता बनने वाले युवाओं के पंजीकरण में बाधाएं खड़ी करने पर भी आयोग को घेरा।

चुनाव आयोग ने कहा

### अलग-अलग विचार और टिप्पणियां आना सामान्य संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा

चुनाव आयोग ने कहा है कि किसी बहुसदस्यीय संस्था में अलग-अलग विचार और टिप्पणियां आना सामान्य संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग ने यह भी कहा है कि उसके आदेशों को पूरी कानूनी मंजूरी हासिल है और वे वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुरूप हैं।

सीजेपी प्रमुख दीपके की चेतावनी

### इस्तीफा दें ज्ञानेश नहीं तो 2 अक्टूबर से होगा देशव्यापी प्रदर्शन



सीजेपी प्रमुख अभिजीत दीपके ने कहा कि अगर सीईसी इस्तीफा नहीं देते हैं, तो पार्टी 2 अक्टूबर से देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी।

ठाकरे ब्रदर्स सीईसी के खिलाफ निकालेंगे रैली



### एसआईआर की आड़ में वोटरों के साथ धोखा किया गया

चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर इन दिनों देश में बवाल मचा हुआ है। विपक्ष लगातार केंद्र और चुनाव आयोग पर हमलावर है।विपक्ष चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग कर रहा है। अब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे रैली निकालने का ऐलान कर दिया है।राज ने एक्स पर पोस्ट कर ऐलान किया कि एमएनएस और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) चआयोग के रवैए को लेकर रैली निकालेगी।

### आयोग को बताया केंद्र की शाखा

उन्होंने लिखा कि मुख्य चुनाव आयुक्त एसआईआर की आड़ में वोटरों को बुरी तरह धोखा दिया है। जैसे वे सत्ताधारी पार्टी की ही कोई शाखा हो।

---

भाजपा प्रवक्ता पात्रा का हमला

# कांग्रेस ने 'ईसी' को कठपुतली बनाया, करती थी सीधी नियुक्ति

सुंदरम से लेकर चावला तक का नाम गिनाया

आज नियुक्ति में विपक्ष की भी भूमिका तय



नई दिल्ली

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच भाजपा सांसद संबित पात्रा ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला की नियुक्ति का जिक्र करते हुए कांग्रेस के चुनाव आयोग पर लगाए जा रहे आरोपों पर सवाल उठाए। पात्रा ने कहा कि मोदी सरकार ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता को मजबूत किया है, जबकि कांग्रेस ने 50साल में चुनाव आयोग को कठपुतली बना दिया था। उन्होंने के वी के सुंदरम से लेकर नवीन चावला तक उन सभी पूर्व चुनाव आयुक्तों के नाम गिना दिए। ये भी बताया कि कांग्रेस ने रिटायरमेंट के बाद इन चुनाव आयुक्तों को कौन कौन से पद दिए? कैसे उपकृत किया। पात्रा ने कहा कि हकीकत ये है कि कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है। इसलिए अब कांग्रेस के नेता खिसियाहट में भाजपा पर अनाप-शनाप आरोप लगाते हैं।

### 2009 के लोकसभा चुनावों के दौरान सीईसी थे चावला

पात्रा ने दावा किया कि 2005 में नवीन चावला को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया था और 2009 के लोकसभा चुनावों के दौरान वे मुख्य चुनाव आयुक्त थे। उन्होंने कहा कि उस चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को जीत मिली थी। पात्रा ने इसी संदर्भ में कांग्रेस और चुनाव आयोग के बीच संबंधों को लेकर सवाल उठाए। पात्रा ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति की प्रक्रिया में हुए बदलाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि 2023 तक नियुक्ति प्रक्रिया में प्रधानमंत्री की भूमिका प्रमुख थी, जबकि अब नियुक्ति से जुड़ी समिति में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को भी शामिल किया गया है।

### विपक्ष ने 'हाईजैक' का आरोप लगाया है

उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग के भीतर कथित मतभेदों की रिपोर्ट पर विपक्ष सवाल उठा रहा है। यह सएक अखबार में छपी एक खबर के बाद शुरू हुआ। इस खबर में चुनाव आयोग की अंदर की लड़ाई सामने आ गई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर चुनाव आयोग को हाईजैक करने का आरोप लगा। इल्ज़ाम लगाने वाले उनके अपने साथी दो इलेक्शन कमिश्नर हैं। उनका आरोप है कि ज्ञानेश मनमर्जी से चुनाव आयोग चलाते हैं। बाक़ी 2चुनाव आयुक्तों की सलाह नहीं सुनते।

---

पटना में सीजेआई ने छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर कहा

चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम में यह बात कही

# हम अधिकारों की रक्षा करेंगे, शांतिपूर्ण प्रदर्शन का उल्लंघन नहीं होना चाहिए

एजेंसी ▶▶ पटना

भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने देश भर में हो रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर दो टूक लहजे में कहा है कि न्यायपालिका छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध करने के मौलिक अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने साफ किया है कि अगर इसका उल्लंघन होता है तो अदालतें चुप नहीं बैठेंगी। शनिवार को पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में सीजेआई ने यह बात कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे खुले तौर पर सवाल-जवाब का सत्र पसंद करते हैं। एक छात्रा ने सीजेआई से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस की प्रतिक्रिया पर सवाल पूछा था।

### अदालतें चुप नहीं बैठेंगी

छात्रा के सवाल का संकेत नीट पेपर लीक के खिलाफ हुए सीजेआई के प्रदर्शनों से था। छात्रा के सवाल पर सीजेआई ने



कहा कि अगर पुलिस पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बेरहमी से दबाने का आरोप है तो अदालतें इस मामले में चुप नहीं बैठेंगी। उन्होंने छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा के लिए न्यायपालिका की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। एक अन्य छात्र ने सवाल किया कि कॉलेजियम में अलग राय होने के बावजूद उसे सार्वजनिक क्यों नहीं किया जाता था।

---

सुबह 11 बजे 138वीं कड़ी

## प्रधानमंत्री आज 'मन की बात' को करेंगे संबोधित

नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने



की मांग को लेकर विपक्षी दलों के देशव्यापी आंदोलन और चुनाव आयोग को लेकर जारी राजनीतिक विवाद के बीच प्रधानमंत्री रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देशवासियों से संवाद करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम की 138वीं कड़ी में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह प्रसारण तब हो रहा है जब सीईसी को हटाने की मांग विपक्षी राजनीति के प्रमुख मुद्दों में है।

---

## मुंबई में 21 घंटे होता रहा विसर्जन



### 'लालबागचा राजा' विसर्जित

**मुंबई।** शनिवार को मुंबई के गिरगांव चौपाटी पर गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान विसर्जन के लिए ले जाई जा रही भगवान गणेश की प्रतिमा 'लालबागचा राजा'। यहां पर गणेस विसर्जन को 21 घंटे तक लग चुके हैं।

---

# ज्ञान, विज्ञान और भारतीय संस्कृति का अनूठा संगम है भारतीय शिक्षा बोर्ड : सिंह

नई दिल्ली

क्या आपको यूपीएससी की परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों ने इस बार हैरान किया था? क्यों? क्योंकि सवाल भारतीयता से, भारतीय संस्कृति और उसके पुरातन विविधताओं से था? अगर हां तो तय मानिए देश के सभी प्रतियोगी परीक्षाओं का मूलस्तर एक दशक में बदला बदला सा नजर आएगा। हर प्रतियोगी परीक्षाओं में देश के गर्वित इतिहास से सवाल होंगे। जैसे-जैसे देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को तेजी से लागू किया जा रहा है, शिक्षा के क्षेत्र में 'भारतीय शिक्षा बोर्ड' एक सशक्त और वैकल्पिक राष्ट्रीय बोर्ड के रूप में तेजी से उभर रहा है। ज्ञान, विज्ञान और गणित के नयए पाठ्यक्रम तैयार करने की जिम्मेदारी फिजिक्स और मैथ्स के नामचीन प्रोफेसर एसी बर्मा और प्रोफेसर हुकुम सिंह को दिया गया है, जो रुचिकर पाठ्यक्रम को बुन रहे हैं।

बच्चों को बदली शिक्षा व्यवस्था से रूबरू कराने, उन्हें अपेक्षाकृत ज्यादा रोजगारपरक बनाने, स्वावलंबी बनने की दिशा तय करने स्कूली शिक्षा की मजबूत नींव डालने सीबीएसई, आईसीएसई, या अन्य शिक्षा बोर्डों से इतर भारतीय शिक्षा बोर्ड का गठन कर समूची स्कूली शिक्षा व्यवथा को नए सिरे से गढ़ने के काम में लगे भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष, जाने-माने शिक्षाविद् तथा पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. एनपी सिंह ने बोर्ड के विजन, उद्देश्यों और इसकी कार्यप्रणाली पर हरिभूमि के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए जोर दिया कि देश की शिक्षा प्रणाली में बदलाव की क्यों आवश्यकता है।

## भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष, जाने-माने शिक्षाविद् डॉ. एनपी सिंह ने हरिभूमि से की चर्चा

### सीबीएसई और अन्य बोर्डों से भिन्न है भारतीय शिक्षा बोर्ड

भारतीय शिक्षा बोर्ड अन्य राष्ट्रीय और राज्य बोर्डों से किस प्रकार भिन्न है, इस सवाल के जवाब में डॉ. सिंह ने बताया कि शैक्षणिक स्तर पर समानता होने के बावजूद दोनों के 'शिक्षा दर्शन' में अंतर है। भारतीय शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम का स्वरूप का स्वरूप कुछ इस तरह तैयार किया जा रहा है कि बोर्ड के पाठ्यक्रम में वेदों, उपनिषदों, भगवद्गीता, जैन व बौद्ध दर्शन के साथ महान भारतीय विचारकों, नेताओं की जीवन गाथाओं, संवैधानिक मूल्यों और गुरुकुल परंपरा के तत्वों को आधुनिक विज्ञान व टेक्नोलॉजी के समावेश हो, उसकी महत्ता को रखांकित किया जा सके। भारत की भूमि से उपजे ज्ञान, दर्शन पर जब विश्व की शिक्षा व्यवस्था गौरव कर रही है उस पर आधारित है तो भला हमारे देश में हमारा गौरवशाली समृद्ध इतिहास से हमारे बच्चों को रूबरू कराया जाए।



### औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति और भारतीय ज्ञान प्रणाली

एक सवाल के जवाब में डॉ. एन.पी. सिंह ने स्पष्ट किया कि 1835 के शिक्षा अधिनियम और औपनिवेशिक (मैकाले) प्रभाव के कारण भारत की मूल ज्ञान परंपराओं गणित, जीवन विज्ञान, दर्शनशास्त्र और अन्य क्षेत्रों को पाठ्यक्रम में केवल एक फुटनोट (हाशिए) की तरह रख दिया गया था। इसके परिणामस्वरूप, सदियों से चली आ रही भारतीय शिक्षा व्यवस्था सिर्फ नौकरी चाहने वाले लोग तैयार करने तक सीमित होकर रह गई। जब कि भारतीय शिक्षा बोर्ड का मुख्य उद्देश्य ऐसे ग्लोबल सिटीजन (वैश्विक नागरिक) तैयार करना है जो अपनी भारतीय जड़ों, संस्कृति और मूल्यों से मजबूती से जुड़े हों तथा आधुनिक दुनिया में पूरे आत्मविश्वास के साथ मुकाबला कर सकें।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के अनुरूप और कानूनी मान्यता

बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन.पी. सिंह ने साफ किया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड पूरी तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुरूप है। यह बोर्ड कक्षा 1 से 12 तक के स्कूलों को मान्यता प्रदान करता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, कानूनी और प्रशासनिक वैधता के संबंध में उन्होंने जानकारी देते हुए कहा, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कक्षा 10 और 12 के प्रमाण-पत्रों को भारतीय विश्वविद्यालय संघ, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) सहित कई राज्य सरकारों और बोर्डों से मान्यता प्राप्त है। इसके छात्र देश के किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान या प्रोफेशनल कोर्स में प्रवेश के लिए पूरी तरह पात्र हैं।

### भविष्य की तैयारी और विस्तार

देशभर में नए बोर्ड को लेकर अभिभावकों और स्कूलों में बढ़ती दिलचस्पी पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में लगभग 1000 स्कूल इस बोर्ड से जुड़ चुके हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि दर्जन भर मिशिनरी संचालित स्कूल और कुछ मदरसों ने भी शिक्षा बोर्ड की महत्ता समझते हुए एफलिएशन लिया है। एआई और आधुनिक तकनीकी युग के संदर्भ में उन्होंने कहा कि बोर्ड तकनीक के तकनीकी इस्तेमाल तक सीमित न रहकर उसके रचनात्मक और संतुलित उपयोग पर ध्यान केंद्रित करता है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in